वार्षिक प्रतिवेदन

2015-16

अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली

Published by:
The Registrar
Ambedkar University Delhi
Lothian Road, Kashmere Gate, New Delhi - 110 006

Designed & Printed at:
Art Design Print Solution
artdesignpress@gmail.com, 011-42440587, 9899578245

अंतर्वस्तु

01 विश्वविद्यालय

12 विश्वविद्यालय के स्कूल

60 विश्वविद्यालय के केन्द्र

82 प्रकाशन

94 अंतरराष्ट्रीय साझेदारियाँ

99 अनुसंधान परियोजनाएँ

102 विभाग

132 परिशिष्ट

विश्वविद्यालय

अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी), राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सरकार द्वारा 2007 में पारित विधानमंडल के अधिनियम द्वारा स्थापित किया गया। इसे जुलाई 2008 में अधिसूचित किया गया। डॉ. अम्बेडकर के विचारों, समानता और सामाजिक न्याय सम्बन्धी निदेशन से प्रेरित यह विश्वविद्यालय समाज विज्ञान और मानविकी में शोध तथा अध्यापन को केन्द्र में रखते हुए अध्यादेशित है। एयूडी उच्च शिक्षा तक पहुँच एवं सफलता के बीच सतत और प्रभावी संपर्क निर्धारित करने को अपना लक्ष्य समझता है। एयूडी मानवता, गैर–सोपानीकरण, सामूहिक कार्य और सृजनात्मकता को परिपोशित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्तमान में यह कश्मीरी गेट में लोथियन रोड पर स्थित परिसर से अपने सभी कार्य संचालित कर रहा है। इस परिसर को यह इंदिरा गांधी महिला तकनीकी विश्वविद्यालय दिल्ली के साथ साझा करता है।

राश्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने एयूडी को परिसर–निर्माण के लिए दो स्थानों पर भूमि प्रदान की है। इसमें से एक रोहिणी सेक्टर–3 (7.02 हेक्टेयर) में और दूसरी धीरपुर फेज–1 (20 हेक्टेयर) में है। दोनों स्थानों पर परिसर बनाने का कार्य जारी है। आगामी शैक्षणिक वर्ष में विश्वविद्यालय के कर्मपुरा परिसर में स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश शुरू करने की योजना है। दिल्ली सरकार ने उच्च शिक्षा निदेशालय के माध्यम से एयूडी को कर्मपुरा परिसर के लिए 6.5 एकड़ भूमि एवं भवन स्थानांतरित किया है। यहीं से दीन दयाल उपाध्याय महाविद्यालय अब तक अपना कार्य संचालित कर रहा था।

सभी अकादमिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ने स्कूलों एवं केन्द्रों के साथ विकेन्द्रीकृत संरचना को अपनाया है। इसने अपने स्कूलों, केन्द्रों एवं कार्यक्रमों की कल्पना नई संभावनाओं को तलाशने के लिए किया है। इन संभावनाओं को आकार देने के लिए ऐसा प्रारूप अपनाया गया है जो अंतर्विषयक पद्धतियों के साथ अनिवार्य रूप से कार्य करे। साथ ही स्कूलों की अवधारणा को इस प्रकार से निरूपित किया गया है कि इसका प्रत्येक कार्यक्रम अंतर्विषयक हो। साथ ही अध्ययन एवं अनुसंधान केन्द्रों की संकल्पना भाोध परियोजना, अधिवक्तृत्व नीति, प्रशिक्षण, अभियन्त्रीकरण और गृह–कार्य समाशोधन के अनुरुप की गयी है ताकि समकालीन महत्त्व के क्षेत्रों को और अधिक बढ़ावा मिल सके।

संकल्पना

विश्वविद्यालय लिबरल आर्ट्स, मानविकी और सामाजिक विज्ञानों पर विशेष ध्यान के साथ उच्चतर शिक्षा में अध्ययन, शोध और विस्तार कार्य को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। समाज के स्थायित्व और समाज के विसंतुलन के कारकों का विश्लेषण करते हुए यह पता लगाना चाहता है कि सामाजिक विकास किस प्रकार एक ऐसे समाज का मार्ग प्रशस्त कर सकता है जिसमें लोग अपनी पूर्ण मानवीय क्षमता प्राप्त कर सकें।

दर्शन

समता, सामाजिक न्याय व उच्च गुणवत्ता अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली के दर्शन और मूल्यों के सुदृढ़ आधार का निर्माण करते हैं। एक सार्वजनिक संस्थान के रूप में, एयूडी स्वयं को सामाजिक परिवर्तन के उपकरण के रूप में देखता है। साथ ही नागरिक (सिविल) समाज व राज्य की अंतःक्रिया हेतु सामाजिक क्रियाकलाप पर ध्यान केंद्रित करता है।

लक्ष्य

विश्वविद्यालय सामाजिक विज्ञानों और मानविकी में उच्चतर शिक्षा की उच्च गुणवत्ता के प्रति प्रयासरत है। उच्चतर शिक्षा तक पहुंच और सफलता के बीच एक स्थायी और प्रभावशील कड़ी का निर्माण करना एयूडी का मुख्य लक्ष्य है। एयूडी मानववाद, गैर–सोपानिकता और विकेन्द्रित कार्यकलाप, सामूहिक कार्य और सृजनात्मकता की सांस्थानिक संस्कृति के सृजन के प्रति प्रतिबद्ध है।

उद्देश्य

विश्वविद्यालय को लिबरल आर्ट्स, मानविकी और समाज विज्ञान पर ध्यान के साथ उच्च गुणवत्तापूर्ण व्यापक उच्चतर शिक्षा विकसित और प्रदान करने का दायित्व सौंपा गया है। इसे दूरस्थ और सतत शिक्षा के संचालन का अधिदेश दिया गया है। उच्च गुणवत्ता का पालन करने वाले किसी अन्य विश्वविद्यालय की तरह, इससे भी उन्नत अध्ययनों का आयोजन करने और शोध को बढ़ावा देने, व्याख्यानमालाओं, परिसंवादों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और सम्मेलनों का आयोजन करते हुए ज्ञान व कार्य प्रक्रियाओं का वितरण करने और भारत व अन्य देशों में उच्चतर शिक्षण एवं शोध संस्थाओं से संपर्क करने की अपेक्षा की जाती है। इससे शोध विनिबंधों, प्रबंधों, पुस्तकों, प्रतिवेदनों और पत्रिकाओं के प्रकाशन की अपेक्षा भी की जाती है। इन उद्देश्यों को विस्तार देने के साथ ही इससे सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने की अपेक्षा भी की जाती है।

शैक्षिक संरचना

एयूडी के प्राध्यापक वर्ग की संरचना में पूर्णकालिक, नियमित, मुख्य प्राध्यापक और अंशकालिक, अतिरिक्त, अतिथि व मानद प्राध्यापकों का प्रावधान है। इस विस्तृत प्राध्यापक वर्ग में शिक्षण सहायकों के रूप में वरिष्ठ स्नातकोत्तर एवं शोध छात्र भी शामिल हैं। विश्वविद्यालय की शिक्षा कार्मिक नीति इस प्रकार तैयार की गई है कि यह विश्वविद्यालय के सरोकारों को अन्य भारतीय विश्वविद्यालयों की अपेक्षा ज्यादा बेहतर प्रतिबिम्बित करे। अपने सभी कार्मिकों में साझा शासन की भावना को प्रोत्साहित करने तथा विश्वविद्यालय के मूल्यों और दर्शन को बल व स्थायित्व प्रदान करने वाली कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु यह सुनिश्चित करना विश्वविद्यालय का कार्य होगा कि कार्यकलापों का संचालन पारदर्शी, क्रमबद्ध, समुचित एवं न्यायसम्मत ढंग से हो। आरक्षणों के लिए संविधान में अधिदेशित प्रावधानों–उपबंधों का पालन करते हुए, यह सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने और विशेष रूप से बहाली में लैंगिक–संवेदनशीलता की एक सक्रिय नीति लागू करने का प्रयास भी करेगा।

विश्वविद्यालय का शासन

विश्वविद्यालय प्राधिकारियों का संगठनात्मक ढांचा



* योजना प्रभाग को सक्रिय करने का प्रस्ताव

विश्वविद्यालय न्यायालय

श्री नजीब जंग, कुलाधिपति (अध्यक्ष)
प्रोफेसर श्याम बी. मेनन (कुलपति)
न्यायमूर्ति लीला सेठ (जीएनसीटीडी द्वारा नामित)
डॉ. बिमल जालान (जीएनसीटीडी द्वारा नामित)
श्री श्याम शरण (जीएनसीटीडी द्वारा नामित)
प्रोफेसर ए. के. जलालुद्दीन (जीएनसीटीडी द्वारा नामित)
प्रोफेसर एस. आर. हाशिम (जीएनसीटीडी द्वारा नामित)
प्रधान सचिव, वित्त, जीएनसीटीडी
सचिव, उच्चतर शिक्षा एवं टीटीई, जीएनसीटीडी
सचिव, कला और संस्कृति, जीएनसीटीडी
प्रोफेसर उमेश राय (यूजीसी के प्रतिनिधि)
कुल सचिव, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय
डॉ. एम. ए. सिकंदर, कुल सचिव (सचिव)

विश्वविद्यालय का संगठनात्मक ढांचा



* प्रस्तावित

प्रबंधन मंडल के सदस्य

प्रोफेसर श्याम बी. मेनन, कुलपति (अध्यक्ष)
प्रोफेसर एन. आर. माधव मेनन (जीएनसीटीडी द्वारा नामित)
प्रोफेसर एस. परशुरामन (जीएनसीटीडी द्वारा नामित)
डॉ. किरण दातार (जीएनसीटीडी द्वारा नामित)
प्रोफेसर अशोक नागपाल (कुलाधिपति द्वारा नामित)
प्रोफेसर जतिन भट्ट (कुलाधिपति द्वारा नामित)
प्रोफेसर सलिल मिश्र (कुलाधिपति द्वारा नामित)
प्रधान सचिव, वित्त, जीएनसीटीडी
सचिव, उच्चतर शिक्षा एवं टीटीई, जीएनसीटीडी
डॉ. एम. ए. सिकंदर, कुलसचिव (सचिव)

अकादमिक परिषद

प्रोफेसर श्याम बी. मेनन, कुलपति (अध्यक्ष)
प्रोफेसर के. रामचन्द्रन, जीएनसीटीडी द्वारा नामित
प्रोफेसर फरीदा खान, जीएनसीटीडी द्वारा नामित
प्रोफेसर माधवन के. पलाट, जीएनसीटीडी द्वारा नामित
डॉ. मिहिर शाह, जीएनसीटीडी द्वारा नामित
प्रोफेसर सब्यसाची भट्टाचार्य, जीएनसीटीडी द्वारा नामित
प्रोफेसर ए. के. शर्मा, यूजीसी द्वारा नामित
अधिष्ठाता (डीन), व्यवसाय, लोकनीति एवं सामाजिक उद्यमिता अध्ययन स्कूल
अधिष्ठाता, सांस्कृतिक एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति अध्ययन स्कूल
अधिष्ठाता, विकास अध्ययन स्कूल
अधिष्ठाता, डिजाइन स्कूल
अधिष्ठाता, शैक्षिक अध्ययन स्कूल
अधिष्ठाता, मानव पारिस्थितिकी स्कूल
अधिष्ठाता, मानव अध्ययन स्कूल
अधिष्ठाता, लिबरल अध्ययन स्कूल
अधिष्ठाता, स्नातक अध्ययन स्कूल
प्रोफेसर सलिल मिश्र, कुलपति द्वारा नामित
प्रोफेसर हनी ओबेरॉय वहाली, कुलपति द्वारा नामित
प्रोफेसर गीता वेंकटरमण, कुलपति द्वारा नामित
प्रोफेसर चन्दन मुखर्जी, कुलपति द्वारा नामित
प्रोफेसर राधारानी चक्रवर्ती, कुलपति द्वारा नामित
डॉ. सत्यकेतु सांकृत, एसोसिएट प्रोफेसर, कुलपति द्वारा नामित
डॉ. ओइनम हेमलता देवी, सहायक प्राध्यापक, कुलपति द्वारा नामित
डॉ. एम. ए. सिकंदर, कुलसचिव (सचिव)

अध्ययन मंडल (बोर्ड ऑफ स्टडीज़)

विश्वविद्यालय ने निम्नलिखित स्कूलों के लिए अध्ययन मंडल का गठन किया है–

व्यवसाय, लोकनीति एवं सामाजिक उद्यमिता अध्ययन स्कूल
सांस्कृतिक एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति अध्ययन स्कूल
डिजाइन स्कूल
विकास अध्ययन स्कूल
शैक्षिक अध्ययन स्कूल
मानव पारिस्थितिकी स्कूल
मानव अध्ययन स्कूल
लिबरल अध्ययन स्कूल
स्नातक अध्ययन स्कूल

वित्त समिति

प्रोफेसर श्याम बी. मेनन, कुलपति (अध्यक्ष)
सचिव, उच्च शिक्षा विभाग एवं टीटीई, जीएनसीटीई
प्रधान सचिव, वित्त विभाग, जीएनसीटीडी
डॉ. किरण दातार, प्रबंधन मंडल द्वारा नामित
प्रोफेसर चंदन मुखर्जी, प्रबंधन मंडल द्वारा नामित
श्री जे. एर्नेस्ट सैम्युएल रतनाकुमार, वित्त नियंत्रक

अधिष्ठान समिति

प्रोफेसर श्याम बी. मेनन, कुलपति (अध्यक्ष)
डॉ. किरण दातार, प्रबंधन मंडल द्वारा नामित
प्रोफेसर अशोक नागपाल, कुलपति द्वारा नामित
प्रोफेसर जतिन भट्ट, कुलपति द्वारा नामित
डॉ. एम. ए. सिकंदर, कुल सचिव (सदस्य सचिव)

सलाहकार समितियाँ

दो सलाहकार समितियाँ है–

1. अंतरराष्ट्रीय साझेदारियाँ

प्रोफेसर डेनिस पी. लीटन, अधिष्ठाता, लिबरल अध्ययन स्कूल (सभापति)
अधिष्ठाता, योजना प्रभाग (सदस्य)
अधिष्ठाता, विद्यार्थी सेवाएँ (सदस्य)
अधिष्ठाता, अकादमिक सेवाएँ (सदस्य)
स्कूल–अधिष्ठाताओं में से दो सदस्य
1 प्रोफेसर वनिता कौल (निदेशक, शैक्षिक अध्ययन स्कूल)
2 प्रोफेसर जतिन भट्ट (अधिष्ठाता, डिजाइन स्कूल)

प्रबंधन मंडल से एक सदस्य
1 प्रोफेसर अशोक नागपाल
अकादमिक परिषद से एक सदस्य
1 डॉ. प्रवीण सिंह
कुल सचिव
डॉ. कार्तिक दवे, एसोसिएट प्रोफेसर, एसबीपीपीएसई (संयोजक)
सुश्री शर्मिष्ठा रॉय, उप–कुलसचिव (पीआर एवं आईपी) (सचिव)

2. अनुसंधान एवं परियोजना प्रबंधन

प्रोफेसर वनिता कौल, निदेशक, शैक्षिक अध्ययन स्कूल (सभापति)
अधिष्ठाता, अकादमिक सेवाएँ (सदस्य)
अधिष्ठाता, योजना प्रभाग (सदस्य)
स्कूल–अधिष्ठाताओं में से दो सदस्य
1 प्रोफेसर जतिन भट्ट, अधिष्ठाता, डिजाइन स्कूल (सदस्य)
2 डॉ. सुमंगला दामोदरन, अधिष्ठाता (कार्यवाहक), विकास अध्ययन स्कूल (सदस्य)
केन्द्र–निदेशकों में से एक सदस्य
1 डॉ. अनूप धर, निदेशक, विकास प्रणाली (अभ्यास) केन्द्र (सदस्य)
प्रबंधन मंडल से एक सदस्य
1 प्रोफेसर अशोक नागपाल (सदस्य)
अकादमिक परिषद से एक सदस्य
1 डॉ. प्रवीण सिंह (सदस्य)
कुलसचिव (सदस्य)
वित्त–नियंत्रक (सदस्य)
डॉ. सुरजीत सरकार, समन्वयक (कार्यक्रम), सीसीके (संयोजक)
सुश्री शर्मिष्ठा रॉय, उप–कुलसचिव (पीआर एवं आईपी) (सचिव)

समितियों की बैठकें

न्यायालय की 5वीं बैठक	18–11–2015
प्रबंधन मंडल की विशेष बैठक	08–05–2015
प्रबंधन मंडल की 18वीं बैठक (स्थगित)	08–10–2015 एवं 02–11–2015
अकादमिक परिषद की 7वीं बैठक	16–07–2015
अकादमिक परिषद की विशेष बैठक	05–10–2015
वित्त समिति की 12वीं बैठक	14–07–2015
वित्त समिति की 13वीं बैठक	10–09–2015
अधिष्ठान समिति की 13वीं बैठक	14–07–2015

अधिष्ठान समिति की 14वीं बैठक	05–11–2015
अधिष्ठान समिति की 15वीं बैठक	09–03–2016

विश्वविद्यालय के अधिकारी

कुलपति	प्रोफेसर श्याम बी. मेनन
उप कुलपति	प्रोफेसर चन्दन मुखर्जी (04–11–2015 तक)

स्कूल–अधिष्ठाता

व्यवसाय, लोकनीति एवं सामाजिक उद्यमिता अध्ययन स्कूल	प्रोफेसर कुरियाकोस ममकूट्टम (निदेशक)
सांस्कृतिक एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति अध्ययन स्कूल	प्रोफेसर चन्दन मुखर्जी (13–09–2015 तक) डॉ. राजन कृष्णन (14–09–2015 से)
डिजाइन स्कूल	प्रोफेसर जतिन भट्ट
विकास अध्ययन स्कूल	डॉ. सुमंगला दामोदरन
शैक्षिक अध्ययन स्कूल	प्रोफेसर वनिता कौल (निदेशक)
मानव पारिस्थितिकी स्कूल	डॉ. अस्मिता काबरा
मानव अध्ययन स्कूल	प्रोफेसर हनी ओबेरॉय वहाली (31–08–2015 तक) प्रोफेसर अशोक नागपाल (01–09–2015 से)
लिबरल अध्ययन स्कूल	प्रोफेसर डेनिस पी. लीटन
स्नातक अध्ययन स्कूल	डॉ. रचना जौहरी

प्रभाग–अधिष्ठाता

अकादमिक सेवाएँ	प्रोफेसर सलिल मिश्र (10–08–2015 तक) उप कुलपति (11–08–2015 से 28–09–2015 तक) कुलपति (29–09–2015 से)
विद्यार्थी सेवाएँ	प्रोफेसर कुरियाकोस ममकूट्टम
योजना प्रभाग	प्रोफेसर विजय एस. वर्मा (04–01–2016 तक) डॉ. प्रवीण सिंह (05–01–2016 से)

कुल सचिव	प्रोफेसर जतिन भट्ट (29–07–2015 तक / अतिरिक्त प्रभार)
	डॉ. एम. ए. सिकंदर (29–07–2015 अपराह्न से)
वित्त नियंत्रक	प्रोफेसर चंदन मुखर्जी (28–09–2015 तक / अतिरिक्त प्रभार)
	श्री जे. एर्नेस्ट सैम्युएल रतनाकुमार (29–09–2015 से)
पुस्तकालयाध्यक्ष	डॉ. देबल सी. कार
केंद्र / प्रभाग निदेशक	
सामुदायिक ज्ञान केंद्र	डॉ. संजय कुमार शर्मा
विकास प्रणाली केंद्र	डॉ. अनूप कुमार धर
प्रारम्भिक बाल शिक्षा एवं विकास केंद्र	प्रोफेसर वनिता कौल
मनोचिकित्सा एवं नैदानिक अनुसंधान केंद्र	प्रोफेसर हनी ओबेरॉय वहाली
सामाजिक विज्ञान शोध प्रणाली केंद्र	प्रोफेसर चंदन मुखर्जी
प्रकाशन केंद्र	प्रोफेसर कुरियाकोस ममकूट्टम
एयूडी उद्भवन, नवोन्मेशन	प्रोफेसर कुरियाकोस ममकूट्टम (10–03–2016 तक)
एवं उद्यमिता केंद्र	श्री एम. एस. फारूकी (11–03–2016 से)
शहरी पारिस्थितिकी स्थिरता केंद्र	डॉ. सुरेश बाबू
आईटी सेवाएँ	प्रोफेसर चंदन मुखर्जी (04–11–2015 तक / अतिरिक्त प्रभार)
	प्रोफेसर विजय एस. वर्मा (05–11–2015 से 04–01–2016 तक) (अतिरिक्त प्रभार)
	प्रोफेसर चंदन मुखर्जी (05–01–2016 से / अतिरिक्त प्रभार)

परिसर विकास	प्रोफेसर विजय एस. वर्मा (04–01–2016 तक) प्रोफेसर जतिन भट्ट (05–01–2016 से)

स्कूल एवं केंद्र

मुख्य रूप से विश्वविद्यालय अपने स्कूलों एवं केंद्रों के माध्यम से कार्य करता है। यह व्यावसायिक विशेषज्ञता एवं ज्ञान सम्बन्धित क्षेत्रों पर आधारित है जिन पर प्रासंगिक होने के बावजूद अन्य विश्वविद्यालयों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

वर्तमान में एयूडी में नौ स्कूल हैं। ये सामाजिक विज्ञान, कला, मानविकी, गणितीय विज्ञान और लिबरल अध्ययन में स्नातक, स्नातकोत्तर तथा अनुसंधान कार्यक्रम चला रहे हैं। स्कूल इस प्रकार हैं–

व्यवसाय, लोकनीति एवं सामाजिक उद्यमिता अध्ययन स्कूल
सांस्कृतिक एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति अध्ययन स्कूल
डिजाइन स्कूल
विकास अध्ययन स्कूल
शैक्षिक अध्ययन स्कूल
मानव पारिस्थितिकी स्कूल
मानव अध्ययन स्कूल
लिबरल अध्ययन स्कूल
स्नातक अध्ययन स्कूल

विश्वविद्यालय ने कई केंद्र स्थापित किए हैं। ये हाशिए के या उपेक्षित क्षेत्रों से सम्बन्धित ज्ञान के लिए शोध की सुविधा उपलब्ध कराते हैं। एयूडी के केंद्र परियोजना आधारित अनुसंधान, नीति प्रतिपालन, क्षमता निर्माण तथा समुदायों के साथ संपर्क तंत्र स्थापित करने के लिए विशिष्ट रूप से पहचाने जाते हैं। वर्तमान में, एयूडी में निम्नलिखित केंद्र संचालित हैं–

सामुदायिक ज्ञान केंद्र
विकास प्रणाली केंद्र
प्रारम्भिक बाल शिक्षा एवं विकास केंद्र
एयूडी उद्भवन, नवोन्मेशन एवं उद्यमिता केंद्र
मनोचिकित्सा एवं नैदानिक अनुसंधान केंद्र
प्रकाशन केंद्र
सामाजिक विज्ञान शोध प्रणाली केंद्र
शहरी पारिस्थितिकी स्थिरता केंद्र

स्कूल एवं केन्द्र 7 अंडर ग्रेजुएट, 17 पोस्ट–ग्रेजुएट, 2 पी.जी. डिप्लोमा, 5 एम.फिल् और 9 पीएच.डी. प्रोग्राम का प्रावधान है।

प्रभाग

विश्वविद्यालय की संरचना में कई प्रभाग शामिल हैं। ये विभिन्न कार्य करते हैं। प्रभाग इस प्रकार हैं–

पुस्तकालय सेवाएँ
सूचना एवं तकनीकी सेवाएँ
विद्यार्थी सेवाएँ
अकादमिक सेवाएँ
मानव संसाधन
योजना विभाग
परिसर विकास
प्रशासन
संपत्ति (भूसंपत्ति) विभाग
वित्त



कश्मीरी गेट परिसर, अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली

स्कूल

व्यवसाय, लोकनीति एवं सामाजिक उद्यमिता अध्ययन स्कूल

व्यवसाय, लोकनीति एवं सामाजिक उद्यमिता अध्ययन स्कूल (एसबीपीपीएसई) की स्थापना वर्ष 2011 में हुई। यह शोध व व्यावसायिक शिक्षा तथा प्रबंधन, लोक नीति व सामाजिक उद्यमिता के प्रशिक्षण को बढ़ावा देता है। एसबीपीपीएसई का प्रयास समाज व अर्थव्यवस्था के बृहत्तर संदर्भ के भीतर व्यवसाय एवं लाभ की एक सर्वांगीण पद्धति विकसित करना है। स्कूल जुलाई 2012 से व्यवसाय प्रबंधन में दो वर्ष का (पूर्णकालिक) स्नातकोत्तर (एमबीए) और वर्ष 2013 से प्रकाशन में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीपी) संचालित कर रहा है। साथ ही वर्ष 2014 से स्कूल सामाजिक उद्यमिता में दो वर्ष का (पूर्णकालिक) स्नातकोत्तर (एमएएसई) कार्यक्रम भी प्रदान कर रहा है। एसबीपीपीएसई ने डिजाइन स्कूल के साथ मिलकर एयूडी उद्भवन, नवोन्मेशन एवं उद्यमिता केंद्र (एसीआईआईई) की स्थापना की है जो कंपनी अधिनियम (2013) के तहत जनवरी 2016 से एक लाभ निरपेक्ष कंपनी के रूप में पंजीकृत है।

एमबीए

दो वर्षीय (पूर्णकालिक) एमबीए कार्यक्रम का अभिप्रेत भविश्य के लिए प्रबंधकों को व्यावसायिक शिक्षा देना, इस काम में लगे विश्व के अन्य कार्मिकों के ज्ञान एवं कौशल का उत्थान व नवीकरण करना और नए उद्यम आरंभ करने हेतु भागीदारों में प्रेरणा जागृत करके ज्ञान एवं कौशलों का विकास करना है। कार्यक्रम धन प्रबंधन के साथ–साथ धन सृजन पर ध्यान केंद्रित करता है।

एमबीए कार्यक्रम का पाठ्यक्रम नवोन्मेशी पाठ्यक्रम संरचना पर आधारित है, जिसमें प्रबंधन शिक्षा में नवीनतम विकासक्रम को शामिल किया गया है। नवीन प्रबंधन के सभी सिद्धांत और अवधारणाएँ प्रदान करते समय, एमबीए कार्यक्रम की विशिष्टता बृहत्तर समाज एवं अर्थव्यवस्था के समग्र संदर्भ के भीतर व्यवसाय एवं लाभ के प्रति उसका आग्रह है। सैद्धांतिक अवधारणाओं की शिक्षा और अनुप्रयोग कौशलों का एक वातावरण तैयार करने के अतिरिक्त, कार्यक्रम व्यावहारिक कौशलों के महत्त्व पर ध्यान देता है।

ग्रीष्मावकाश के दौरान, छात्रों को 8 से 10 सप्ताह का एक प्रशिक्षण दिया जाता है। शिक्षक वर्ग के सदस्यों के मार्गदर्शन में किसी विषय पर छात्र जो अनुभवमूलक शोध शुरू करते हैं उस पर आधारित एक परियोजना प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की उनसे अपेक्षा की जाती है। एमबीए कार्यक्रम के सभी छात्रों को अध्ययन के दौरान एक अतिरिक्त (विदेशी) भाषा की शिक्षा भी दी जाती है। एमबीए कार्यक्रम के शुरू होने के तीन वर्ष बाद इसमें एक मुख्य संशोधन 2015–16 के दौरान किया गया।

एमए सामाजिक उद्यमिता

सामाजिक उद्यमिता में एमए (एमएएसई) कार्यक्रम के प्रथम वर्ष का पाठ्यक्रम एमबीए के पहले वर्ष के समान है। जबकि एमएएसई कार्यक्रम के दूसरे वर्ष में अवधारणाओं, समस्याओं और सामाजिक उद्यमिता की कार्य प्रणालियों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है और उन्हें एयूडी के उद्भवन, नवोन्मेशन एवं उद्यमिता केंद्र की गतिविधियों से जोड़ा जाता है।

कार्यक्रम के छात्रों को कोर व्यवसाय प्रबंधन कौशल प्रदान किये जाते हैं जो सभी संगठनों के प्रबंध के लिए आवश्यक हैं। एमएएसई भागीदारों को सृजनात्मक एवं नवोन्मेशी समाधानों का पता लगाते हुए नए व्यवसाय शुरू करने के लिए अपेक्षित, खास कर सामाजिक क्षेत्र में, विशिष्ट कौशलों का पता लगाने के योग्य बनाता है। कार्यक्रम की संरचना मुख्य व्यवसाय कौशलों का निर्माण एवं संवर्धन करने, सामाजिक–राजनीतिक एवं पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूकता पैदा करने और समस्या समाधान हेतु सृजनात्मक सोच, सामाजिक नवाचार एवं उद्यमी पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए की गई है। यहाँ सैद्धांतिक अवयवों को व्यावहारिक प्रशिक्षण से जोड़ा जाता है और छात्रों को क्षेत्र आधारित परियोजनाओं के माध्यम से कक्षा की शिक्षा को यथार्थ जीवन की स्थितियों में उतारने को प्रोत्साहित किया जाता है। छात्रों को उनके आसपास के सामाजिक सरोकारों से अवगत कराने के लिए कार्यशाला/परिसंवाद पाठ्यक्रमों के रूप में पहले वर्ष तीन पाठ्यक्रम प्रदान किए जाते हैं।

स्कूल ने पिछले दो वर्षों के अपने अनुभव के आधार पर एमएएसई में एक बड़ा सुधार किया है। साथ ही स्कूल संशोधित सामाजिक उद्यमिता कार्यक्रम के विकास के लिए ब्रिटिश काउंसिल से मिले अनुदान द्वारा नॉर्थम्पटन विश्वविद्यालय, यूके के साथ मिलकर सोशल इंटरप्राइज एजुकेशन प्रोग्राम (एसईईपी) के लिए एक सहयोगी परियोजना पर भी कार्य कर रहा है।

प्रकाशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत (एनबीटी) के सहयोग से, एसबीपीपीएसई ने जुलाई 2013 में एक वर्षीय 'प्रकाशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा' प्रारंभ किया। यह प्रकाशन उद्योग में तेजी से आ रहे बदलावों को देखते हुए, 21वीं सदी में प्रकाशन के क्षेत्र के प्रति नवागंतुकों को आकर्षित और मौजूदा प्रकाशन व्यवसायियों को 'पुनर्प्रशिक्षित' करने हेतु आवश्यक है। यह ध्यातव्य भी है कि तेजी से बदलते इस उद्योग ने प्रकाशन में 'व्यवसाय' तत्त्व के महत्त्व को और आगे बढ़ा दिया है। अतः कार्यक्रम का लक्ष्य अध्यवसायियों का एक ऐसा वर्ग तैयार करना है, जो कुशल और उद्यमशील हों। प्रकाशन में पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम में एक नया ऐच्छिक पाठ्यक्रम 'ई–प्रकाशन' शामिल किया गया है। तीसरे अकादमिक वर्ष (2014–15) के तीन छात्र प्रशिक्षित होकर, वर्तमान में प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्थानों में कार्य कर रहे हैं, जबकि अकादमिक वर्ष 2015–16 के दस छात्रों ने मई 2016 में अपना पाठ्यक्रम समाप्त किया। आशा की जाती है कि प्रकाशन में जीवन वृत्त की संभावनाओं और व्यवसाय अवसरों के संदर्भ में कार्यक्रम संवर्धित मूल्य का सृजन करेगा।

सहयोग

अंतरराष्ट्रीय सहयोग हेतु स्कूल अन्य विश्वविद्यालयों से विचार–विमर्श कर रहा है। प्राध्यापक वर्ग व छात्रों के आदान–प्रदान को सरल करने के लिए एयूडी एवं सेन फ्रांसिस्को स्टेट यूनिवर्सिटी के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसी आशय से यूके नॉर्थम्पटन यूनिवर्सिटी के साथ भी एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

सामाजिक उद्यमिता स्कूल में एक संयुक्त स्नातकोत्तर कार्यक्रम प्रारंभ करने की संभावनाओं का पता लगाने के लिए नॉर्थम्पटन यूनिवर्सिटी, यूके के साथ एक सहयोगी परियोजना पर कार्य कर रहा है।

शोध परियोजना

दवे, कार्तिक, प्रधान अनुसंधाता : आईसीएसएसआर द्वारा वित्त पोषित "सर्विस क्वालिटी इन रेस्टोरेंट इंडस्ट्री : ए स्टडी ऑफ सिलेक्टेड स्टेट्स इन नार्थ इंडिया" परियोजना की रिपोर्ट फरवरी 2016 में प्रस्तुत की।

प्रस्तुतियाँ

दवे के. एवं जी. त्रिपाठी : वेनिस, इटली में जनवरी 2016 में आयोजित इंटरनेशनल मार्केटिंग ट्रेंड्स सम्मेलन में "स्टोर फॉर्मेट चॉइस एंड सर्विस क्वालिटी : ए स्टडी ऑफ सिलेक्टेड अपैरल रिटेल फॉर्मेट्स इन डेल्ही–एनसीआर" शोध पत्र प्रस्तुत किया।

केकर एन. : आईआईएम कोझिकोड में जनवरी 2016 में आयोजित 52वें सम्मेलन इंडियन इकोनोमेट्रिक सोसाइटी में ''केओस इन द इंडियन इक्विटी मार्केट्स" शोध पत्र प्रस्तुत किया।

केकर एन., वी. कुलकर्णी एवं आर. गैहा : साउथ एशियन यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली में फरवरी 2016 में आयोजित साउथ एशियन इकनॉमिक डेवलपमेंट के दूसरे सम्मेलन में "डिमांड फॉर न्यूट्रिएंट्स : एन एनालिसिस बेस्ड ऑन 55, 61 एंड 68 राउंड्स ऑफ द एनएसएस" शोध पत्र प्रस्तुत किया।

इंडियन रीटेल कांफ्रेंस, व्यवसाय, लोक नीति एवं सामाजिक उद्यमिता स्कूल

सांस्कृतिक एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति अध्ययन स्कूल

स्कूल अग्रलिखित विषयों में स्नातकोत्तर कार्यक्रम उपलब्ध कराता है : (1) दृश्य कला (2) साहित्य कला : सृजनात्मक लेखन (3) अभिनय अध्ययन एवं (4) फिल्म अध्ययन। इन कार्यक्रमों में ऐतिहासिक और सैद्धांतिक शिक्षा प्रदान करते हुए शोध उन्मुखी एवं प्रायोगिक अभ्यासों पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिनमें विवेचनात्मक अध्ययन–पठन और अभ्यास अनिवार्य होते हैं। इनमें सृजनात्मकता से संबद्ध क्षेत्रों में भी शिक्षा और कौशल प्रदान किए जाते हैं।

एमए दृश्य कला

दृश्य कला कार्यक्रम लिबरल आर्ट्स के शिक्षण में आ रही समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करता है। इसी कारण यह नए शैक्षणिक मॉडल की आवश्यकता पर जोर देता है। यह कार्यक्रम अंतःविषय प्रकृति के विभिन्न आदानों को कौशल, पद्धतिगत ढांचे, वैचारिक सोच, सैद्धांतिक व ऐतिहासिक ज्ञान, सामाजिक–राजनीतिक जागरूकता और नैतिक अखंडता के साथ एकीकृत करने का प्रयास करता है।

एमए साहित्य कला : सृजनात्मक लेखन

इस कार्यक्रम ने भारत में सृजनात्मक लेखन के अध्यापन की शुरुआत की है। विशेष तौर पर यह छात्रों में व्यावहारिक तथा साहित्यिक लेखन के सिद्धांतों पर ध्यान केंद्रित करता है। यह लेखक की व्यक्तिगत साहित्यिक प्रकृति पर गहराई से प्रभाव डालते हुए उसके ऐतिहासिक, सामाजिक एवं अस्तित्व संबंधी ज्ञान की सीमा को कल्पनात्मक रूप प्रदान करने की कोशिश करता है। यह सिर्फ अंग्रेजी भाषा में दक्ष छात्रों को तैयार करने की जगह उन्हें पूरक कौशल के रूप में उपमहाद्वीप और यूरोप की कई भाषाओं की साहित्यिक जानकारी देकर शिक्षित करता है। यह कार्यक्रम छात्रों की रचना पद्धति, मीडिया (नृत्य, फिल्म, रंगमंच व दृश्य कला) एवं ऐतिहासिक व भौगोलिक सीमाओं को व्यापकता तथा नवीनता प्रदान करने के लिए प्रयासरत है।

एमए अभिनय अध्ययन

एमए अभिनय अध्ययन कार्यक्रम एयूडी एवं भारत का एक अद्वितीय कार्यक्रम है। यह न सिर्फ अभिनय की व्यापकता पर केंद्रित है बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन का एक केंद्रीय तत्त्व भी है। इसमें रंगमंच और नृत्य ही शामिल नहीं हैं, बल्कि रोजमर्रा के रीति–रिवाज व प्रथाएँ, अवांगार्द अभिनय कला, लोकप्रिय मनोरंजन, खेल, राजनीतिक अभिव्यक्ति एवं संभावित रूप से भावपूर्ण व्यवहार या सांस्कृतिक अधिनियमन की कोई भी प्रेरणा शामिल हो सकती है। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की संस्कृति एवं विरासत में मौजूद समृद्ध और विविध अनुभवों को ध्यान में रखकर अन्यान्य संभावनाओं के क्षेत्रों में छात्रवृत्ति को बढ़ावा देना है।

एमए फिल्म अध्ययन

यह कार्यक्रम भारत में सिनेमा का अध्ययन करने के लिए सुरुचिपूर्ण श्रेष्ठता और कलात्मक उत्कृष्टता के किसी पूर्व–निर्धारित पदानुक्रम के बिना वैश्विक तुलनात्मक विधा को अपनाने

की कोशिश करता है। यह कला के रूप में फिल्म की दार्शनिक समझ और सांस्कृतिक अध्ययन के अंतराल को पाटना चाहता है। इसके लिए यह बेंजामिन, क्रेकाउर और डेल्यूज़ की समृद्ध सैद्धांतिक विरासत के माध्यम से संचार मीडिया की भूमिका निभाना चाहता है। कार्यक्रम मानता है कि भारत में बहु–स्तरीय फिल्म निर्माण पर विशेष ध्यान देने के लिए बॉलीवुड के अध्ययन पर अतिरिक्त जोर नहीं देना चाहिए, जिससे कि भारत में फिल्म संस्कृतियों की बहुलता को ग्रहण किया जा सके। यह कार्यक्रम सिनेमा के ऐतिहासिक, मानववैज्ञानिक तथा शास्त्रीय विश्लेषण की अंतर्निहित प्रकृति के लिए देश के सामाजिक एवं राजनीतिक इतिहास पर भी ध्यान केंद्रित करता है।

साथ ही एससीसीई ने भारत में पहली बार दृश्य कला, साहित्य कला और फिल्म अध्ययन में अभ्यास–आधारित पीएच.डी. कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं।

सम्मान / विशेष सम्मान

दीपन शिवरमण ने महिंद्रा एक्सीलेंस नेशनल थिएटर अवार्ड्स (एमईटीए 2015) में अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली द्वारा निर्मित 'द कैबिनेट ऑफ डॉ. कैलीगरी' के लिए श्रेष्ठ सीनोग्राफी पुरस्कार प्राप्त किया। यह नाटक राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (बीआरएम 18) के अंतरराष्ट्रीय रंगमंच महोत्सव में भी मंचित हो चुका है।

शेफाली जैन एक महीने की फेलोशिप पर जून–जुलाई 2015 में लोअर मैनहट्टन, न्यूयॉर्क शहर में स्थित एक गैर–लाभकारी कला एवं शिक्षा केंद्र 'अपैक्सआर्ट' गई।

प्रस्तुतियाँ

बिस्वास बी. : पीसीएम महाविद्यालय, कोलकाता, पश्चिम बंगाल में अप्रैल 2015 में यूजीसी द्वारा प्रायोजित 'शतबरशे शंभु मित्र' राष्ट्रीय संगोष्ठी में "राष्ट्र–ओ–राज्येरंगिनाये शंभु मित्रेर बक्तित्यो एबोंग नाट्य–चिंता" पत्र प्रस्तुत किया।

——. सितम्बर 2015 में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति और अन्य हाशिए पर स्थित समूहों के शोधकर्ताओं तथा संकाय सदस्यों के लिए आईसीएसएसआर–ईआरसी एवं सेंट जेवियर्स महाविद्यालय, कोलकाता के समाजशास्त्र विभाग द्वारा प्रायोजित 'आइडेन्टिटीज़, मोबिलिटी एंड वेल–बीइंग' राष्ट्रीय कार्यशाला और उन्मुखीकरण कार्यक्रम में "परफॉर्मिंग फ्रैग्मेण्टेड आइडेंटिटी : नमोशुद्र, दलित, इंडियन, बंगाली?" पत्र प्रस्तुत किया।

——. फरवरी 2016 में कोलोन यूनिवर्सिटी, जर्मनी के सहयोग द्वारा एसएए, जेएनयू में 'द थिएटर हिस्ट्री कॉलोक्विउम' में "हिस्टोरिसाइजिंग कास्ट इन बंगाल थ्रू नमोशुद्र परफॉरमेंस" व्याख्यान प्रस्तुत किया।

जतिन एस. : सितम्बर 2015 में ग्लैसगो यूनिवर्सिटी में "पेंटिंग डिस–इज : ए रिफ्लेक्शन ऑन द साइंस ऑफ द मोंस्ट्रॉस इन मॉडर्न एंड कन्टेम्परारी रिप्रजेंटेशन्स ऑफ डिजीज एंड डिसेबिलिटी" पत्र प्रस्तुत किया।

कृष्णन आर. एवं रवीन्द्रन श्रीरामचन्द्रन : आईआईएएस, शिमला में अक्टूबर 2015 में आयोजित 'रीलिजन एंड सोशल डाइवर्सिटी इन साउथ एशिया' अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में "पोरस

सक्रेलिटीस : द ओकेजनल एंड डाइवर्स अपरिएन्सेस ऑफ राम इन तमिलनाडु" पत्र प्रस्तुत किया।

शिवरमण, दीपन : दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली के महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में 25 फरवरी 2016 को आयोजित 'सिटी लिव्स : स्पेसेस एंड नैरेटिव्स' अंतर्विषयक सम्मेलन में "पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस स्पेसेस : स्पेक्टेटर्शिप एंड प्रिविलेज्स" समापन भाषण प्रस्तुत किया।

प्रदर्शन / प्रोडक्शंस / कार्यशालाएं

बिस्वास बेनिल : 2 दिसंबर 2015 को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रकाशन विभाग द्वारा चार पुस्तकों के विमोचन पर 'फसेट्स ऑफ इंडियन आर्ट एंड कल्चर : बुक्स बाय पब्लिकेशन डिवीजन' पर चर्चा की।

——. जून 2015 में फोर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, नई दिल्ली में आयोजित व्याख्यान श्रृंखला 'कल्चर एंड इट्स रेलेवंस : वर्ल्ड पर्सपेक्टिव टू इंडिया पर्सपेक्टिव' प्रस्तुत की।

——. मार्च 2016 में एमईटीए 2016 के लिए 'द कैबिनेट ऑफ डॉ. कैलीगरी' की प्रोडक्शन टीम में अभिनेता तथा ग्राफिक डिजाइनर के रूप में भाग लिया।

शिवरमण, दीपन : थिएटर प्रोडक्शन के साथ ज्यूरिस्ट के रूप में बॉस्का कॉमेडिया इंटरनेशनल थियेटर फेस्टिवल क्राको, पोलैंड (दिसम्बर 2015), केरल के अंतरराष्ट्रीय रंगमंच महोत्सव (जनवरी 2016), राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (बीआरएम 18), दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय रंगमंच महोत्सव एवं महिंद्रा एक्सीलेंस नेशनल थिएटर अवार्ड्स दिल्ली (मार्च 2016) में भाग लिया।

——. दिसंबर 2015 में केरल के त्रिकरपुर गांव में केएमके स्मारक कालसमथी द्वारा निर्मित ओ. वी. विजयन के उपन्यास खसस्कन्नेट इथिहसम (द लेजेंड ऑफ खसैक) पर बने नाटक को डिजाइन व निर्देशित करने के साथ ही उसे नाटकीय रूप भी प्रदान किया। इसे केरल के अंतरराष्ट्रीय रंगमंच महोत्सव (आईटीएफओके 2016) सहित कई स्थानों पर आयोजित भी किया गया।

——. 27–28 फरवरी 2016 को शिव नादर विश्वविद्यालय के टीईएसटी कार्यक्रम के लिए रंगमंच कार्यशाला 'अंडरस्टैंडिंग स्पेस एंड डिजाइन' आयोजित की।

——. 25–27 नवम्बर 2015 को श्री केरला वर्मा महाविद्यालय, कालीकट विश्वविद्यालय, त्रिशूर में यूजीसी की राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'पोस्ट–ड्रामेटिक टर्न इन थिएटर' व्याख्यान प्रस्तुत किया।

——. 24–30 नवम्बर 2016 को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में 'ड्रामातर्जी थ्रू डिजाइन' रंगमंच कार्यशाला आयोजित की।

आयोजित कार्यशालाएं : बी. वी. सुरेश, बरोडा (5–15 अक्टूबर 2015), मनुअल रोचा इटूर्बिड (6–17 जनवरी 2016), थियोडोरा स्किपिटर्स (16–23 नवम्बर 2015), विनोद वेलयुधन (1–21 नवम्बर 2015), लुकास्ज चोकोव्स्की (17–19 नवम्बर 2015) एवं उर्मिला सरकार (20–21 नवम्बर 2015)

कार्यक्रम / गतिविधियाँ

लक्ष्मी, सीएस. : 27 जनवरी 2016 को 'राइटिंग टू बी : सिक्स डिकेड्स ऑफ बीइंग ए राइटर' व्याख्यान प्रस्तुत किया।

भनोट, कविता : 13 अप्रैल 2016 को 'राइटिंग एस ए पॉलिटिकल प्रोसेस' पर परिचर्चा की।

पाउलो : 22 जनवरी 2016 को 'इंटरैक्टिव डोक्युमेंटरिस : द पॉलिटिक्स ऑफ एन इमर्जिंग जैनर' पर परिचर्चा की।

नरवा, मोनिका एवं जीबेश बागची, रॉक्स मीडिया कलेक्टिव : 6 नवम्बर 2015 को 'थिंकिंग इन ए गार्डन' पर अपने कलात्मक एवं प्रबन्धकीय कार्य के संदर्भ में व्याख्यान प्रस्तुत किया।

इटूर्बिड, मनुअल रोचा : 13 जनवरी 2016 को 'द हिस्ट्री ऑफ साउंड–आर्ट इन मेक्सिको' एवं अपने कलात्मक कार्य के संदर्भ में व्याख्यान प्रस्तुत किया।

5 फरवरी 2016 को फिल्म 'देअर इज समथिंग इन द एअर' की स्क्रीनिंग की गई। साथ ही इस फिल्म के निदेशक से चर्चा की गई।

10 फरवरी 2016 को डाक्यूमेंट्री फिल्म 'व्हाट इज द फील्ड्स रिमेम्बर बाय शुबश्री कृश्णन' की स्क्रीनिंग की गई।

8–12 अगस्त 2015 तक 2012–14 के पूर्व छात्रों द्वारा क्यूरेटेड प्रदर्शनी 'स्टूटर इन योर एलोकेन्स' आयोजित की गई।

'सुनो शेफाली' का पूर्वाभ्यास

डिजाइन स्कूल

एयूडी का डिजाइन स्कूल (एसडिज) अपनी संकल्पना में विशिष्ट है–भारत में यह पहली बार है कि डिजाइन शिक्षा को मानविकी एवं समाज विज्ञान में संस्थागत रूप से सन्निहित और संबद्ध किया गया है। डिजाइन की मुख्य विशेषताओं को सामाजिक स्तर पर जटिल समस्याओं, आवश्यकताओं एवं क्षेत्रों से जोड़ने की दृष्टि से स्कूल का मानविकी एवं समाज विज्ञान विश्वविद्यालय के भीतर अपना एक विशिष्ट स्थान रखता है। वस्तु–केंद्रित डिजाइन को पुनः 'सामाजिक' पर केंद्रित कर, डिजाइन स्कूल नए परिणामों, सेवाओं, प्रणालियों, अंतराफलकों और दृश्य–विधानों के जरिए सुशिक्षित, संवेदनशील, सशक्त और संतुलित समुदायों के निर्माण का विचार रखता है। तेजी से बदलते, परस्पर गहरे तक जुड़े स्थानीय एवं वैश्विक भूदृश्य से मिली नानाविध चुनौतियों को सृजनात्मक ढंग से पूरा करने के लिए यह विन्यास डिजाइन शिक्षा एवं कार्यप्रणाली की पुनर्कल्पना का एक अवसर प्रदान करता है। वहीं, डिजाइन स्कूल डिजाइन के माध्यम से सामाजिक कार्यकलाप के जरिए समतामूलक, न्यायविहित एवं स्थायी समाज के निर्माण के एयूडी के अधिदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास करता है।

स्कूल समस्त विश्व में डिजाइन शिक्षा एवं प्रणाली के भीतर प्रचलित विशेषताओं के प्रति प्रश्न पूछने, प्रचलित पाठ्यक्रम संरचनाओं एवं अध्यापन विधियों की पड़ताल करने और भारतीय संदर्भ में डिजाइन की एक बृहत्तर भूमिका एवं संभावना पर विचार करने का अवसर देता है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली पर ध्यान देने के साथ–साथ स्कूल का लक्ष्य डिजाइन के छात्रों को नई सेवाओं, प्रणालियों, अंतराफलकों, उत्पादों और उद्यमों की संकल्पना की चुनौतियों को दूर करने हेतु तैयार करना है।

एसडिज की कल्पना डिजाइन शिक्षा को स्नातक स्तर से एम.फिल./पीएच.डी. स्तर तक पहुँचाने के लिए एक अभ्यास एवं शोध आधारित स्कूल के रूप में की जाती है। मौजूदा सामाजिक डिजाइन कार्यक्रम के अलावा स्कूल भविष्य में सेवा डिजाइन, डिजाइन समीक्षा, डिजाइन सिद्धांत, डिजाइन इतिहास और अन्य संबद्ध क्षेत्रों में स्नातकोत्तर कार्यक्रम तथा उसके अनंतर स्नातक कार्यक्रम और अंततः एम.फिल./पीएच.डी कार्यक्रम प्रस्तुत करना चाहता है।

एमए सामाजिक डिजाइन

सामाजिक डिजाइन में एमए कार्यक्रम ढाई वर्षों का एक पूर्णकालिक गहन, अभ्यास एवं अनुप्रयोग उन्मुखी कार्यक्रम है, जिसके केंद्र में समाज है। भागीदारी एवं सह–सर्जना विधियों के माध्यम से समावेशन, पहुँच, समानता और अवसरों के गंभीर मुद्दों के सृजनात्मक ढंग से निदान हेतु इसमें अभिकल्प विधाओं की विशिष्ट विधियों, उपकरणों और पद्धतियों को समाज विज्ञान की विधियों, उपकरणों और पद्धतियों में सम्मिलित किया जाता है। समाज की गंभीर समस्याओं (समानता, पहुँच, सहभागिता, समावेशन एवं अवसर), जो समुदायों, संस्थाओं, संगठनों व राज्यों में सन्निहित हो सकती हैं, के निदान हेतु कार्यक्रम में आवश्यक उद्यमिता क्षमताओं एवं नेतृत्व गुण के साथ छात्रों को तैयार करने पर बल दिया जाता है।

उपलब्धियाँ/सम्मान/पुरस्कार

वेणुगोपाल मद्दिपति को पोस्ट–डॉक्टरेट फैलोशिप से फोरम ट्रांसरेजिनल स्टडीज़, आर्ट

हिस्ट्रीज़ एंड एस्थेटिक प्रैक्टिसेज, बर्लिन में सम्मानित किया गया। यह कुंस्थिस्टोरिस्कीस इंस्टीट्यूट, फ्लोरेंस की पहल का एक हिस्सा है।

परियोजना

सुचित्रा बालासुब्रमण्यन एवं अबीर गुप्ता ने राष्ट्रीय संग्रहालय (सजावटी कला विभाग) के साथ एक वर्ष तक एनएम संग्रह के 80 ब्रोकेड के टुकड़ों का अनुसंधान, क्युरेशन एवं प्रदर्शन किया। 25 फरवरी से 25 अप्रैल 2016 तक राष्ट्रीय संग्रहालय में इनकी 'अटूट डोर/अनब्रोकन थ्रेड : बनारसी ब्रोकेड सारीज़ एट होम एंड इन द वर्ल्ड' के रूप में प्रदर्शनी भी लगाई।

प्रस्तुतियाँ

बालासुब्रमण्यन, एस. : दिसम्बर 2015 में सीईपीटी विश्वविद्यालय, अहमदाबाद में आयोजित 'इनसाइड फ्यूचर–फ्यूचर इनसाइड : प्रैक्टिस, पैडागोजी एंड परसेप्शन ऑफ इंटीरियर डिजाइन' संगोष्ठी में "थ्री रीजन्स वाय इट इज टाइम टू रीथिंक डिजाइन पैडागोजी इन इंडिया" पत्र प्रस्तुत किया।

भट्ट, जे. : मार्च 2016 में नॉटिंघम ट्रेंट यूनिवर्सिटी, यूके के सहयोग से आयोजित 'कल्चर, हेरिटेज एंड सस्टेनबिलिटी' अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में "थ्रेडिंग स्कैटर्ड बीड्स : क्राफ्ट्स, हेरिटेज एंड सस्टेनबिलिटी" पत्र प्रस्तुत किया। यह संगोष्ठी एनटीयू के साथ तीन वर्ष की सहयोगी अनुसंधान परियोजना का भाग थी।

चोपड़ा, डी. : अक्टूबर 2015 में 'हाऊ टू बिल्ड द सिटी इन ए कोआपरेटिव वे?' एम्स्टर्डम कार्यशाला में "कलेक्टिव इमेजिनेशन्स फॉर एवरीडे रिअलिटीज : सिटी बिल्डिंग थ्रू 'क्रेएटिव' कोऑपरेशन" पत्र प्रस्तुत किया। यह कार्यशाला 51वें आईएसओसीएआरपी (इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ सिटी एंड रीजनल प्लानरस) इंटरनेशनल कांग्रेस : सिटीज सेव–द वर्ल्ड–लेट्स रेंवेंट प्लानिंग, रॉटरडैम, नीदरलैंड्स का भाग थी।

मद्दीपति, वी. : दिसम्बर 2015 में फ्लोरेंस में आयोजित 'केएचआई फ्लोरेंस, इकोलॉजीस, एस्थेटिक्स एंड हिस्ट्रीज ऑफ आर्ट' सम्मेलन में "अर्बनाइजिंग फिनिट्यूड : इको–एस्थेटिक्स, आर्किटेक्चर, डेंसिटी, डेथ एंड द पॉसिबिलिलाइजेशन ऑफ न्यू मटेरियल लाइव्स (इंडिया, सिरका 1975–2011)" पत्र प्रस्तुत किया।

व्याख्यान/उपलब्धियाँ

बालासुब्रमण्यन, सुचित्रा : 18 नवम्बर 2016 को साउथ एशियन यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली में 'इमैजिनिंग द इंडियन नेशन : द डिजाइन ऑफ गांधीज़ डांडी मार्च एंड नेहरूज़ रिपब्लिक डे परेड' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

——. सोसाइटी एंड कल्चर इन साउथ एशिया में 'द मिथ, द प्रोप, द डांस–कनेक्टिंग द ट्रेडिशन थ्रू बॉडी' निबंध की समीक्षा प्रस्तुत की।

——. डिजाइन हिस्ट्री, लंदन, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस में 'कॉन्जुमिंग द ओरिएंट इन लेट नाइनटींथ–सेंचुरी ब्रिटेन : पर्शियन कार्पेट एंड द साउथ केंसिंगटों म्यूजियम' एवं 'क्राफ्टिंग कम्युनिटी : जॉर्ज नकाशिम एंड मॉडर्न डिजाइन इन इंडिया' निबंधों की समीक्षा प्रस्तुत की।

गुप्ता, अबीर : 30–31 जुलाई तथा 1 अगस्त 2015 को हैरिंगटन स्ट्रीट आर्ट्स सेंटर, कोलकाता में 'टीचिंग हिस्ट्री कांफ्रेंस' एवं 'कंटेम्परारी हिस्ट्री एंड द क्लासरूम' विषयों पर कार्यशालाएं आयोजित की।

निर्णायकों के समक्ष डिजाइन स्कूल के छात्र

विकास अध्ययन स्कूल

अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली के विकास अध्ययन स्कूल (एसडीएस) का उद्देश्य समाजशास्त्र, मानव शास्त्र, राजनीति विज्ञान एवं अर्थशास्त्र जैसे अनुशासनों के आधार पर अंतर्विषयक पद्धतियों के जरिए समाज विज्ञान की शिक्षा एवं शोध की व्यवस्था को सशक्त करना है। विश्वविद्यालय की विस्तृत, बहुविषयक शिक्षा को प्रोत्साहन की समग्र संकल्पना से स्कूल का विशेष संबंध है, जिसका समाज की आवश्यकताओं से गहरा संबंध है। यह इस समझ के अनुरूप चलता है कि विकास सिद्धांत, विकास के अनुभव, अस्मिता एवं भेदभाव के सरोकारों, पर्यावरण के सरोकारों और विकास प्रबंध के अन्य स्वरूपों का, वर्तमान के संदर्भ में, संचालन एक अंतर्विषयक पद्धति से अधिक प्रभावशील ढंग से किया जा सकता है। स्कूल का लक्ष्य संकटग्रस्त, उपेक्षित और वंचित समूहों को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक मुद्दों, क्रियाकलापों और यथार्थताओं के क्षेत्र में नवोन्मेशी एवं उच्च शोध को प्रोत्साहन देना है। अपने एमए कार्यक्रम के जरिए शिक्षक वर्ग के माध्यम से और शिक्षा जगत तथा व्यवहार जगत के विशेषज्ञों की सलाह के अनुरूप यह 2009 से विकास की अंतर्विषयक पद्धतियों की शिक्षा प्रणाली के सृजन में रत है। इसके पाठ्यक्रम सैद्धांतिक एवं वैचारिक संकल्पनात्मक ज्ञान को वास्तविक क्षेत्र–आधारित शिक्षा से जोड़ते हैं, जिसमें स्नातकोत्तर स्तरों पर शोध केंद्रित शोध–निबंध लेखन पर विशेष बल दिया जाता है। यह अंतर्विषयक दृष्टिकोण को केंद्र में रखते हुए छात्रों को विशेष अनुशासनात्मक दृष्टिकोण पर अधिक ध्यान देने की भी अनुमति प्रदान करता है। साथ ही अगर वे चाहते हैं तो उन्हें अन्य शिक्षण योजनाओं से भी अवगत कराता है।

अनुसंधान परियोजनाएं

दामोदरन, सुमंगला : इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट एवं टाटा ट्रस्ट द्वारा वित्त पोषित श्रमिक परियोजना के एक भाग के रूप में 'माइग्रेशन एंड लाइवलीहुड्स इन द सिटी ऑफ डेल्ही'। (10 लाख रु., दो वर्ष : जारी)

——. मेलॉन फाउंडेशन एवं केप टाउन यूनिवर्सिटी के सहयोग द्वारा वित्त पोषित 'री–सेंटरिंग अफ्रो–एशिया थ्रू एंड आर्क ऑफ लमेंट'। (यूएस 2.3 लाख डॉलर : जारी)

——. अमृता पांडे, समाजशास्त्र विभाग, केप टाउन यूनिवर्सिटी के साथ सहयोगी अनुसंधान परियोजना। नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंस, साउथ अफ्रीका एवं आईसीएसएसआर द्वारा वित्त पोषित। (6 लाख रु., एक वर्ष : जारी)

प्रस्तुतियाँ

दामोदरन, सुमंगला : नवम्बर 2015 में यूएन वीमेन एवं जेंडर पार्क, केरल, तिरुवनंतपुरम द्वारा आयोजित 'जेंडर इक्वलिटी' अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में "जेंडर एंड कलेक्टिव एक्शन" पत्र प्रस्तुत किया।

धर, आई : अप्रैल 2015 में साउथ एशियन यूनिवर्सिटी ने यूएन वीमेन, दिल्ली के सहयोग द्वारा आयोजित 'जेंडर, कंफ्लिक्ट एंड सिक्यूरिटी : पर्सपेक्टिव फ्रॉम साउथ एशिया' अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में "जेंडर एंड कंफ्लिक्ट प्रिवेंशन : एक्टिविज्म ऑफ वीमन्स पीस ब्रिगेड (महिला शांति सेना) इन इंडिया" पत्र प्रस्तुत किया।

——. अक्टूबर 2015 में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय एवं इंडियन पॉलिटिकल साइंस एसोसिएशन, वाराणसी के आपसी सहयोग द्वारा आयोजित 'री–इंवेंटिंग पॉलिटिक्स इन इंडिया' राष्ट्रीय सम्मेलन में "जेंडर वायलेंस एंड पब्लिक प्रोटेस्ट : द न्यू फेस ऑफ इंडियन एक्टिविज्म" पत्र प्रस्तुत किया।

——. जनवरी 2016 में केआर कामा ओरिएण्टल इंस्टीट्यूट, मुम्बई द्वारा आयोजित 'टेक्सटाइल्स, कलेक्शन्स, कम्यूनिटीज, कल्चर एंड ट्रेड' अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में "द सोशल सिग्नीफिकेन्स ऑफ काजैनसेमधारा : पर्सपेक्टिव्स ऑन द कॉस्ट्यूम्स ऑफ द खासी कम्युनिटी" पत्र प्रस्तुत किया।

——. फरवरी 2016 में अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) के सामुदायिक ज्ञान केंद्र तथा पूर्वोत्तर मंच (नॉर्थ ईस्ट फोरम) एवं इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चर हेरिटेज, शिलांग के आपसी सहयोग द्वारा आयोजित 'ओरल ट्रेडिशन्स : कॉन्टीनुइटी एंड ट्रांस्फोर्मेशन्स, नार्थ ईस्ट इंडिया एंड साउथ ईस्ट एशिया' अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में "काजैनसेमधारा : वीविंग बॉर्डर्स एंड कल्चर्स" पत्र प्रस्तुत किया।

नायक, एन. : सितम्बर 2015 में इंटरनेशनल इनीशिएटिव फॉर द प्रमोशन ऑफ पॉलिटिकल इकॉनमी (आईआईपीपीई), लीड्स यूनिवर्सिटी, यूके द्वारा आयोजित छठे वार्षिक सम्मेलन 'पॉलिटिकल इकॉनमी' में "एग्रेरियन रेजिस्टेंस थ्रू ए टेक्स्ट ऑफ लॉ : रेफ्लेक्शन्स ऑन द नेशनल रूरल एम्प्लॉयमेंट गारंटी एक्ट, इंडिया" पत्र प्रस्तुत किया।

सेनगुप्ता, ए. : नवम्बर 2015 में इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज, कोलकाता द्वारा आयोजित 'द इकनोमिक सोशियोलॉजी कांफ्रेंस, ट्रस्ट इन ट्रांसैक्शन्स' सम्मेलन में "कमोडिटीजेशन ऑफ ट्रस्ट मीडिएशन एंड डेवलपमेंट ऑफ न्यू बिजनेस रिलेशनशिप्स" पत्र प्रस्तुत किया।

व्याख्यान / उपलब्धियाँ

धर, आइ : 16 मार्च 2016 को विकास अध्ययन स्कूल के एमए विद्यार्थियों के लिए भारतीय विकास पाठ्यक्रम गतिविधि 'फोटो एस्से एग्जिबिशन' आयोजित की गई।

दामोदरन, सुमंगला : नवम्बर 2015 में एशिया फ्लोर वेज कोलिशन द्वारा आयोजित 'ग्लोबल वैल्यू चेन्स एंड चैलेंजेज फॉर लेबर' पैनल परिचर्चा में चर्चा की।

——. दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफेंस महाविद्यालय में 'जेंडर एंड इंफॉर्मलाइजेशन इन इंडिया' व्याख्यान प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम / गतिविधियाँ

सेठ, अश्विनी, प्रोफेसर एमेरिटस, हेग के इंस्टीट्यूट फॉर सोशल स्टडीस से : एसडीएस में एक अतिथि प्राध्यापक के रूप में पाठ्यक्रम के दौरान विशेष व्याख्यान 'फ्रॉम बुक टू फिल्ड : लर्निंग फ्रॉम द विलेज एंड सोशल एक्सक्लूशन; पॉवर्टी बाई एनअदर नेम?' प्रस्तुत किया। प्रोफेसर सेठ ने एसडीएस के पीएच. डी. कार्यक्रम में परामर्शदाता के रूप में कार्य किया। साथ ही एसडीएस के सहयोगात्मक अनुसंधान कार्यक्रम 'री–सर्चिंग डेल्ही' के प्रस्ताव में सहयोग भी दिया। यह अनुसंधान विश्वविद्यालय में प्रस्तुत हो चुका है।

18 अप्रैल 2015 को गेब्रियल दत्तात्रेयन के सेमिनार एवं क्राई आउट लाउड डाक्यूमेंट्री फिल्म की स्क्रीनिंग की गई।

नियमित संगोष्ठी श्रृंखला के अन्तर्गत निम्नलिखित व्याख्यान सम्मिलित थे–

- आचार्य, संगमित्रा, प्रोफेसर, आईआईडीएस एवं जेएनयू : 9 फरवरी 2016 को 'हेल्थ कंसर्न्स ऑफ वीमेन एंड चिल्ड्रन इन स्लम्स ऑफ डेल्ही ऑन लोकेटिंग द स्वच्छ भारत' व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- कैबेलियन, जॉइल, टूर्स यूनिवर्सिटी, फ्रांस : 12 जनवरी 2016 को 'डिसप्लेसिंग एंड रिलोकेटिंग (पैजंट) सोशल डिस्पोसिशन्स' व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- क्युलेट, फिलिप : 16 सितम्बर 2015 को 'द राइट टू फ्री वॉटर : ए लॉजिकल स्टेप फॉरवर्ड' व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- कुमार, जितेन्द्र : 3 नवम्बर 2015 को 'मीडिया, कास्ट एंड रिप्रजेंटेशन' व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- मेनन, कृष्णा, लेडी श्री राम कॉलेज : फरवरी 2016 को 'द नेशन एंड इट्स म्यूजिक : सम क्वेश्चन्स ऑफ कास्ट एंड जेंडर इन द क्लासिकल परफार्मिंग आर्ट्स ऑफ साउथ इंडिया' व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- रावल, विकास : 13 अक्टूबर 2015 को 'नियोलिबरलिस्म एंड इकनोमिक डिस्पैरिटीज़ इन रूरल इंडिया' व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- रॉय, बिजोय, सीडब्लूडीएस : 15 मार्च 2016 को 'कॉमर्सिलाइजेशन ऑफ हेल्थकेयर इन इंडिया' व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- संपत, प्रीति : 22 सितम्बर 2015 को 'द कंट्राडिक्शन्स विदइन : स्टेट डेरिज़िस्म, लिबरलिस्म एंड पीजेंट एसर्शन्स ओवर लैंड एक्वीजेशन' व्याख्यान प्रस्तुत किया।

सामूहिक परिचर्चा

शैक्षिक अध्ययन स्कूल

एसईएस की स्थापना एक विधा एवं प्रणाली के रूप में शिक्षा की विभिन्न चुनौतियों को समझने, उनका विश्लेषण व उन्हें दूर करने के ध्येय से की गई थी। अधिकृत शोध व अभ्यास के माध्यम से शिक्षा को उसके ऐतिहासिक एवं समकालीन संदर्भों में समझने के लिए इसके अध्ययनकर्त्ताओं और इस दिशा में प्रयासरत विद्वानों के एक समुदाय के रूप में विकसित होने की अपेक्षा की जाती है। स्कूल का लक्ष्य अपनी विभिन्न अवस्थितियों में शिक्षा के सिद्धांत और अभ्यास के बीच के अंतर को दूर करना है, इस हेतु यह एक सामाजिक अभिप्राय के रूप में शिक्षा के अध्ययन एवं व्यवसायिक शिक्षकों की तैयारी के बीच बृहत्तर योजना स्थल के विकास का प्रयास करता है। शिक्षक शिक्षा, अध्यापन, पाठ्यक्रम, नीति, योजना और प्रशासन के अतिरिक्त विश्लेषण व शोध के लिए यह एक परिशुद्ध अभ्यास आधारित सैद्धांतिक परिदृश्य के विकास के प्रति कार्य करता है। एसईएस के उद्देश्य इस प्रकार है–

- समाज, संस्कृति और राजनीतिक व्यवस्था के व्यापक संदर्भों, संरचनाओं तथा प्रक्रियाओं के अंतर्गत घटना एवं ज्ञान के क्षेत्रों के रूप में शिक्षा की स्थिति जानना।
- कई सैद्धांतिक दृष्टिकोणों के माध्यम से शिक्षा क्षेत्रों के साथ अनुबद्धता और ज्ञान क्षेत्र संरचना के प्रकारों को तलाशना; एवं
- सार्वजनिक प्रणाली के साथ शिक्षा तंत्र के निरंतर संबंधों का विकास करना तथा शिक्षा के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण और रचनात्मक हस्तक्षेप बनाने के लिए शिक्षकों को अभ्यास करवाना।

अपनी संकल्पना के अनुरूप एसईएस ने वर्ष 2012 में अपना पहला कार्यक्रम, एमए शिक्षा शुरू किया। प्रारम्भिक बाल शिक्षा एवं विकास केंद्र (सीईसीईडी) के सहयोग से स्कूल ने 2014 में एमए शिक्षा (प्रारम्भिक बाल संरक्षण एवं शिक्षा) कार्यक्रम की शुरुआत की। निकट भविष्य में यह शिक्षा में एम.फिल./पीएच.डी., पूर्व–सेवा (प्री–सर्विस) अध्यापक शिक्षा और सर्टिफिकेट/डिप्लोमा कार्यक्रम शुरू करना चाहता है।

एमए शिक्षाशास्त्र

एमए शिक्षाशास्त्र कार्यक्रम शिक्षा में स्नातकोत्तर उपाधि के उदार और पेशेवर दोनों पहलुओं को केंद्र में रखता है। आधारित क्षेत्रों और विभिन्न सैद्धांतिक परिदृश्यों तथा वाद–विवादों के अतिरिक्त, छात्र कार्यक्रम संरचना में एसईएस के भीतर और बाहर अपनी रुचि के अनुरूप क्षेत्रों और दिशाओं में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए वैकल्पिक पाठ्यक्रम का चयन कर सकते हैं। इस कार्यक्रम की खास विशेषता शिक्षा के उन स्थलों से इसका संबंध है, जो स्कूली और गैर–स्कूली दोनों हैं। इस संरचनाबद्ध क्षेत्र को विभिन्न शिक्षक शिक्षा नीति मंचों द्वारा न सिर्फ स्वीकृत किया गया, बल्कि इसकी सराहना भी की गयी। एसईएस के एमए शिक्षा कार्यक्रम में अगस्त 2015 में चौथे अकादमिक सत्र की शुरुआत हुई जबकि इसके तीसरा अकादमिक सत्र वर्ष 2016 में समाप्त हुआ।

एमए शिक्षाशास्त्र : प्रारंभिक बाल संरक्षण एवं शिक्षा (ईसीसीई)

दो वर्षों का एमए शिक्षा (ईसीसीई) कार्यक्रम अद्वितीय है। साथ ही इसे पूरे भारत में बहुत कम संस्थानों में पढ़ाया जाता है। यह राष्ट्रीय प्रारंभिक बाल संरक्षण तथा शिक्षा नीति, 2013 के साथ कार्यान्वित है। इससे इस क्षेत्र से संबंधित प्रशिक्षित व्यवसायिकों की बृहत्तर संख्या प्राप्त होगी, जो पूरे देश में ईसीसीई से संबंधित कार्य सफलतापूर्वक कर सकेंगे। यह कार्यक्रम बहुविध विषयों—बाल विकास, समाजशास्त्र, इतिहास, मनोविश्लेशी संरचना, मानव विज्ञान, गंभीर अध्यापन और प्रबंधन—का उपयोग करते हुए प्रारंभिक बाल संरक्षण एवं शिक्षा का गहरा ज्ञान प्रदान करता है। कार्यक्रम में छात्र विभिन्न व्यावसायिक दिशाओं का चयन कर सकते हैं जैसे—शिक्षक शिक्षा, शोध, पाठ्यक्रम विकास व सामाजिक उद्यमिता। कार्यक्रम का लक्ष्य ईसीसीई के क्षेत्र में पाठ्यक्रम निर्माताओं, सामाजिक उद्यमियों और शिक्षक अध्यापकों की बढ़ती मांग को पूरा करना है। एमए शिक्षाशास्त्र (प्रारंभिक बाल संरक्षण एवं शिक्षा) का प्रथम अध्ययन सत्र वर्ष 2014 में प्रारंभ हुआ।

उपलब्धियाँ / सम्मान

अखा कहीरी माओ ने सितम्बर—अक्टूबर 2015 में संयुक्त राज्य अमेरिका के राज्य विभाग द्वारा प्रायोजित तथा फ्लोरिडा स्टेट यूनिवर्सिटी एवं सांता फे कॉलेज, फ्लोरिडा, यूएसए द्वारा आयोजित कम्युनिटी कॉलेज एडमिनिस्ट्रेटिव प्रोग्राम (सीसीएपी) पर 40 दिनों की कार्यशाला में भाग लिया।

देविका शर्मा एवं मानसी थपलियाल जून 2015 में सांची यूनिवर्सिटी ऑफ बुद्धिस्ट—इंडिक स्टडीज, भोपाल, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित 'टुवर्ड्स कॉन्सेप्चुअलिजेशन ऑफ सेंटर फॉर अल्टरनेटिव एजुकेशन' राष्ट्रीय परामर्शदाता कार्यशाला की सदस्य थीं।

मनीश जैन अप्रैल 2015 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित 'वॉइस ऑफ टीचर्स एंड टीचर एजुकेटर्स' के अतिथि संपादक थे।

मनीश जैन को मई—जून 2015 में जॉर्ज एकेर्ट इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल टेक्स्टबुक रीसर्च (जीईआई) में 'इनोवेटिव मेथोडोलोजिकल एप्रोचेस इन इंटरनेशनल टेक्स्टबुक रीसर्च' के लिए ओटो बेन्नेमन फेलोशिप से सम्मानित किया गया।

मनीश जैन 2015—16 में शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार द्वारा पाठ्यक्रम न्यूनीकरण के लिए बनी कोर कमेटी एवं सामाजिक विज्ञान उप—समिति के सदस्य के रूप में मनोनीत हुए।

दिसम्बर 2015 में वनिता कौल को विश्व बैंक द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के संयुक्त समीक्षा मिशन के लिए आमंत्रित किया गया। साथ ही उन्होंने राज्य रिपोर्ट एवं राष्ट्रीय सहायता ज्ञापन में भी अपना योगदान दिया।

प्रसाद, वी. एवं डी. सिन्हा : 'पोटेंशियल्स, एक्सपीरियंसिस एंड ओटोमेस ऑफ ए कॉम्प्रेहेंसिव कम्युनिटी–बेस्ड प्रोग्राम टू एड्रेस मालन्यूट्रिशन इन ट्राइबल इंडिया', इंटरनेशनल जर्नल ऑफ चाइल्ड हेल्थ एंड न्यूट्रिशन 4 (2015) : 151–62।

——. 'दि रिलक्टेंट स्टेट : लैकूनाइ इन करंट चाइल्ड हेल्थ एंड न्यूट्रिशन पॉलिसीस एंड प्रोग्रोम्स इन इंडिया', आई. क्वाडर द्वारा संपादित सोशल डेवलपमेंट रिपोर्ट 2013, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस नई दिल्ली, 2015।

सेन, आर. : 'रेमेम्बरिंग दि प्रत्याहिक (डेली) : 'डी'—फैमिलिएरिजिंग फेमिलियल सोशल हिस्ट्री थ्रू मेमोयर्स', आर. प्रसांत एवं जी. नंदिनी द्वारा संपादित प्रत्यह एवरीडे लाइफवर्ल्डस : डिलेम्मस, कॉन्टेस्टेशन्स एंड नेगोटिएशन्स, 238—258, प्राइमस प्रकाशन दिल्ली, 2015।

——. 'ह्यूमिलिएशन एज़ पॉलिटिकल, पोलिटीसाज़िंग ह्यूमिलिएशन : वैन कास्ट बॉडीज आर सेक्सुअली वायलेटेड', विकल्प (29 अगस्त 2015), http://www.vikalp.ind.in/2015/08/humiliation-as-political-politicizing.html से पुनर्प्राप्त।

——. एन. जयराम द्वारा संपादित आइडियाज, इंस्टीट्यूशन्स, प्रोसेसेज : एसेज इन मेमोरी ऑफ सतीश सबरवाल पुस्तक की समीक्षा, ओरिएंट ब्लैकस्वान हैदराबाद, 2015।

सिन्हा, डी. : 'मैटरनल एंड चाइल्ड हेल्थ : इन्चिंग अहेड, माइल्स टू गो', इकोनॉमिक एंड पॉलिटिकल वीकली, 50 नं. 49 (2015)।

——. 'कैश फॉर फूड : ए मिसप्लेस्ड आइडिया', इकोनॉमिक एंड पॉलिटिकल वीकली, 50 नं. 16 (2015)।

——. 'नेगलेक्टिंग हेल्थ एक्सपेंडिचर इन फेवर ऑफ दि काइमेरा ऑफ इंश्योरेंस', दि वायर, 2016।

——. 'लेट्स यूज़ दि कैग्स क्रिटिसिज्म्स टू स्ट्रेंथन, नॉट वीकन, स्कूल मिडडे मिल्स', दि वायर, 2016।

स्नेही, वाय. : 'सिचुएटिंग पॉपुलर वेनेरशन', हिस्ट्री एंड सोसायटी : न्यू सीरीज 68 (2015), नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय नई दिल्ली।

——. ऐनी मर्फी द्वारा संपादित दि मैट्रिएलिटी ऑफ दि पास्ट : हिस्ट्री एंड रिप्रजेंटेशन इन सिख ट्रेडिशन पुस्तक की समीक्षा, स्टडीज इन हिस्ट्री 31, नं. 2 (2015) : 252—56।

वेंकटरमण, गीता : 'थ्रू दि सिमिट्री लेंस : पार्ट 1 : प्लानर सिमिट्री एंड फ्रीज़ पैटर्न्स', एट राइट एंगल्स 5, नं. 1 (2016) : 5—14।

सामुदायिक ज्ञान केंद्र

चक्रवर्त्ती, डी. एन. एवं एस. सरकार द्वारा संपादित ऑब्जेक्ट्स, आइडेन्टिटीज मीनिंग्स : इनसाइडर पर्सपैक्टिव फ्रॉम नार्थ ईस्ट इंडिया, अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली, दिल्ली, 2015।

विकास प्रणाली केंद्र

मंडर, एच. : 'इंगजिंग विद एनइक्वल इंडिया', सीडीपी, अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली, 2015।

प्रारम्भिक बाल शिक्षा एवं विकास केंद्र

सीईसीईडी, इंडियन अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन इम्पैक्ट स्टडी पॉलिसी ब्रीफ, 2015।

सीईसीईडी, एक्सप्लोरिंग स्कूल रेडीनेस (मोशन पिक्चर), अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली, दिल्ली, 2015।

सीईसीईडी, प्रीस्कूल किट, अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली, दिल्ली, 2015।

खन्ना, आई एवं पी. साहू : 'अर्ली चाइल्डहुड एंड एजुकेशन : ए गाइड' का निरीक्षण, प्रारम्भिक बाल शिक्षा एवं विकास केंद्र, अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली, 2015।

सिंह, पी., पी. महालवाल, एम. डोगरा, एन. गुप्ता, एस. जैन एवं वी. कौल (2015) : 'इवैल्यूएशन ऑफ कथाज़ 'आई लव रीडिंग कैंपेन' इन डेल्ही एमसीडी स्कूल्स' की परियोजना रपट, प्रारम्भिक बाल शिक्षा एवं विकास केंद्र, अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली, 2015।

सिंह, एस. : 'लिटरेसी इंगेजमेंट इन रिफ्यूजी फैमिलीज़ : कनेक्टिंग प्रैक्टिसेज अक्रॉस कॉन्टेक्ट्स', पी. एस. सचमिडट तथा ए. लैज़र द्वारा संपादित रिकॉन्सेप्टुलाइजिंग लिटरेसी इन दि न्यू ऐज ऑफ मल्टीकल्चरलिस्म एंड प्लूरालिस्म, 343–359, इंफॉर्मेशन ऐज, 2015।

सामाजिक विज्ञान शोध प्रणाली केंद्र

नक्कीरन, एन. : 'इज सैंपलिंग ए मिसनोमर इन क्वालिटेटिव रिसर्च', सोशयोलॉजिकल बुलेटिन, 65, नं. 1 (2016) : 40–49।

पुस्तकालय सेवाएँ

दिनेश, के. एवं डी. टी. कल्लोल : 'नॉलेज मैनेजमेंट वर्सिज इनर्फोमेशन मैनेजमेंट : ए न्यू पराडिग्म इन दि लाइब्रेरी एंड इमर्फोमेशन सेंटर', एम. राम द्वारा संपादित ऑटोमेशन एंड डिजिटाइजेशन सॉफ्टवेयर ऑफ लाइब्रेरी : ओपन सोर्स एंड कमर्शियल, 199–212, वायके प्रकाशक आगरा, 2015।

जैन, पी. के. एवं सी. के. देबल द्वारा संपादित 'इमर्जिंग ट्रेंड्स एंड इश्यूज इन साइंटोमेट्रिक्स, इनर्फोमेट्रिक्स एंड वेबमेट्रिक्स', अने बुक्स नई दिल्ली, 2016।

जैन, पी. के. एवं सी. के. देबल द्वारा संपादित 'बिब्लियोमेट्रिक्स डाटा एंड इम्पैक्ट मैनेजमेंट इन इनर्फोमेशन साइंस', बुकवेल प्रकाशन नई दिल्ली, 2016।

अंतरराष्ट्रीय साझेदारियाँ

एयूडी की अंतरराष्ट्रीय साझेदारी की देखरेख अंतरराष्ट्रीय सहभागिता सलाहकार समिति (एसीआईपी) द्वारा की जाती है। अपनी प्राथमिक भूमिका के अंतर्गत यह समिति विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों के आदान–प्रदान हेतु विश्वविद्यालय और विदेशी संस्थानों/अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के बीच अनुबंध तैयार करते समय सलाह देती है। इसके साथ ही यह समिति अधिगम एवं अनुसंधान कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाने तथा अध्ययन या अनुसंधान हेतु विदेश जाने वाले अध्येताओं, छात्रों, शोधकर्ताओं एवं एयूडी के सदस्यों का सहयोग भी करती है।

2008 में अपनी स्थापना के बाद अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली ने उच्च शिक्षा में स्थायी एवं प्रभावी संपर्क स्थापित करने तथा विदेशी संस्थानों से सहयोग विकसित करने का उद्देश्य निर्धारित किया। इसकी पूर्ति हेतु एयूडी ने अंतरराष्ट्रीय शिक्षा सहयोग प्राप्त करने के लिए कई स्रोतों से अवसर प्राप्त किए, जिसके तहत विश्वविद्यालय ने विदेशी संस्थानों के साथ मिलकर समझौता–ज्ञापनों (द्विपक्षीय) पर हस्ताक्षर भी किए हैं। इन समझौता–ज्ञापनों के अंतर्गत विश्वविद्यालय एवं विदेशी संस्थानों के मध्य निम्नलिखित विषयों पर बातचीत की गयी :– अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए संस्थानों का निर्माण करना, संकाय सदस्यों का आदान–प्रदान, संयुक्त उपाधि कार्यक्रम, अनुसंधान सहयोग एवं शैक्षिणक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना।

एयूडी ने कई विदेशी संस्थानों के साथ सहभागिता स्थापित की है। कुछ प्रमुख समझौते इस प्रकार हैं–

अर्बन नॉलेज नेटवर्क एशिया (यूकेएनए) यूरोपीय संघ द्वारा वित्त पोषित अंतर–विश्वविद्यालय सहयोगी आदान–प्रदान (2012–2016) एवं सदस्य–संस्थानों के मध्य प्राध्यापकों के अल्पावधि आदान–प्रदान द्वारा शोध साझा करना, वर्तमान में जारी है। सीसीके के सुरजीत सरकार ने इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एशियन स्टडीज, लीडन में तीन महीने (सितम्बर से नवम्बर 2015 तक) यूकेएनए विद्वान के रूप में व्यतीत किए।

सैन फ्रांसिस्को स्टेट यूनिवर्सिटी मुख्य एमओयू (जिस पर वर्ष 2011 में हस्ताक्षर किए गए) के भाग के रूप में एसएफएसयू ने संकाय एवं छात्र विनिमय हेतु नए उप–समझौते पर हस्ताक्षर किए है। यह संबंधित है– 1) पारस्परिक हित की शोध परियोजनाओं पर सहयोग; 2) पाठ्यक्रम तथा अध्यापन पर विशेषज्ञता का आदान–प्रदान; 3) संयुक्त परियोजनाओं के लिए संगोष्ठियों, परिसंवादों, सम्मेलनों का आयोजन करना; 4) संयुक्त परियोजनाओं को आगे बढ़ाने हेतु संसाधनों का परस्पर आदान–प्रदान; 5) विद्यार्थियों का विनिमय; 6) शिक्षकों की अदला–बदली; 7) संयुक्त शिक्षा कार्यक्रमों का विकास; एवं 8) अन्य गतिविधियों का विकास।

अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट ज्ञप्ति साझेदारी अग्रगामी परियोजना को कार्यान्वित करने हेतु 2012 में हस्ताक्षर किए गए।

हवाई यूनिवर्सिटी, मनाओ 2012 में एयूडी एवं हवाई यूनिवर्सिटी (यूएच) के बीच अंतरराष्ट्रीय सहभागिता के मसौदे पर हस्ताक्षर हुए परन्तु औपचारिक तौर पर इसका पर्दापण जुलाई 2013

में हुआ। इसका उद्देश्य संकाय संबंधित संस्थानों में शैक्षिक प्रक्रियाओं को बढ़ाने हेतु पाठ्यक्रम विकसित करना, पढ़ाना व अनुसंधान का संचालन करना है। इसके अतिरिक्त यूएचएम एसएसी ने एयूडी के साथ विश्वविद्यालय–आधारित विदेश सहभागिता अध्ययन कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।

वर्ष 2015 में हवाई यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ एजुकेशन के पाठ्यक्रम अध्ययन विभाग से प्रो. रिचर्ड जॉनसन के साथ तीन विद्यार्थियों ने स्नातक कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने दो पाठ्यक्रम पढ़े :– 'डेवलपमेंटली एप्रोप्रिएट प्रैक्टिसेज' एवं 'करिकुलम इम्प्लिकेशन्स ऑफ मल्टीकल्चरल एजुकेशन'। पाठ्यक्रमों के अलावा, शैक्षिक अध्ययन शिक्षालय के संकाय के साथ उन्होंने अपनी शोध दिलचस्पी भी साझा की। पाठ्यक्रम के लिए आए तीन विद्यार्थियों में से एक छात्र श्री जेफरी चुंग ने दिसम्बर 2015 में मानसून सत्र के अंत में एक और सत्र की वृद्धि हेतु अनुरोध किया। उन्होंने अतिरिक्त पाठ्यक्रम पढ़े एवं क्षेत्र–यात्राओं व इंटर्नशिप पर भी गए। मई 2016 में शीतकालीन सत्र के अंत में वे वापस चले गए।

नॉर्थम्पटन यूनिवर्सिटी (इंग्लैंड) वर्ष 2013 में 1) शैक्षिक आदान–प्रदान व सामाजिक उद्यम में शिक्षण/अनुसंधान में संकाय सहयोग को बढ़ावा देने, 2) विद्यार्थी विनिमय, और 3) शैक्षिक कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं क्रियान्वयन (संयुक्त कार्यक्रम विकसित व पाठ्यक्रम स्तर पर सहयोग–अन्वेषण करना, जैसे–एमबीए सामाजिक उद्यम) हेतु हस्ताक्षर किए गए। एयूडी के एमए (सामाजिक उद्यमिता) कार्यक्रम के विकास एवं संयुक्त अनुसंधान, छात्र व संकाय विनिमय हेतु चर्चा जारी है।

बैंक स्ट्रीट कॉलेज ऑफ एजुकेशन (संयुक्त राज्य अमेरिका) 2013 में हस्ताक्षर किए गए। इसमें परस्पर हित एवं लाभ की शोध परियोजनाओं पर सहयोग, पाठ्यचर्या व अध्यापन विशेषज्ञता साझा करना, संगोष्ठियों, परिसंवादों, सम्मेलनों तथा संयुक्त परियोजनाओं का आयोजना करना, संयुक्त सहयोगी परियोजनाओं हेतु संसाधनों का परस्पर आदान–प्रदान करना साथ ही साथ छात्रों और शिक्षकों का विनिमय करना एवं संयुक्त शैक्षिक कार्यक्रमों का विकास करना अधिकृत है।

इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल स्टडीज, इरेस्मस यूनिवर्सिटी रॉटरलैंड (नीदरलैंड्स) अकादमिक एवं शैक्षिक सहयोग को बढ़ावा देने हेतु 2013 में हस्ताक्षर किए गए। इसके अंतर्गत 1) द्वि–उपाधि कार्यक्रमों : एयूडी–आईएसएस स्नातकोत्तर कार्यक्रम एवं विशेष प्रमाण–पत्र कार्यक्रम; 2) संकाय व/या शोध अध्येताओं का विनिमय; और 3) सहयोगी अनुसंधानों, व्याख्यानों, संगोष्ठियों तथा कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

नार्वेजियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स (एनयूपीआई) 'दि स्टेट, गलोबलाइजेशन एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट इन इंडिया : दि पोलिटिकल इकॉनमी ऑफ रेगुलेशन एंड डीरेगुलेशन' परियोजना को कार्यान्वित करने हेतु 2013 में हस्ताक्षर किए गए। नॉर्वे की अनुसंधान परिषद् ने अपने इंडनॉर कार्यक्रम के तहत इस परियोजना को तीन वर्षों 2013 से 2016 तक सहायता देने हेतु चयनित किया। इस सहयोगी परियोजना में भारतीय प्रबंधन संस्थान, कोलकाता ने एक अन्य संस्थान के रूप में भाग लिया। एयूडी के डॉ. सुरजीत मजूमदार एवं डॉ. चिरश्री दास गुप्ता इस परियोजना के अनुसंधानकर्ता हैं। 2014 में ओस्लो में

हुई कार्यशाला में अनुसंधान विषयों के विवरण स्पष्ट हुए। तत्पश्चात् इनकी नियुक्ति में परियोजना ने सहयोग किया व विभिन्न अध्ययनों को अंतिम रूप देने हेतु सहायता कार्य जारी है। संयुक्त शोध परियोजना 'इंडस्ट्रियल पॉलिसी इन इंडिया' के अंतर्गत आईआईएम कोलकाता में 30 नवम्बर 2015 को कार्यशाला आयोजित की गयी, जिसमें भारत व नॉर्वे के शोधकर्ता शामिल हुए। इस कार्यशाला में परियोजना की प्रगति पर चर्चा की गयी। परियोजना का अंतिम विश्लेषण अभी बाकी है।

येल यूनिवर्सिटी के साथ एनआईएच परियोजना वर्ष 2014 में 'अर्ली चाइल्डहुड डेवलपमेंट फॉर दि पुअर : इम्पैक्टिंग एट स्केल (एनआईएच स्टडी)' के अध्ययन हेतु हस्ताक्षर किए गए। इसमें 1) वैकल्पिक सेवा प्रावधान विधियों, पिछले छोटे प्रयासों के सापेक्ष उनकी प्रगति एवं प्रभावशीलता की जाँच की जाएगी और 2) उन तंत्रों की पहचान की जाएगी जो बाल विकास पर ईसीडी के प्रभाव का निर्धारण करते हों।

इस अध्ययन के अंतर्गत दो वर्षों तक ओडिशा के तीन ग्रामीण जिलों {बालासोर (सोरो), कटक (सेलपुर) एवं बोलनगीर} के 2000 शिशुओं तथा बच्चों का विश्लेषण किया गया। सीईसीईडी अपने तकनीकी भागीदारों–आईएफएस, येल यूनिवर्सिटी, प्रथम (ओडिशा तथा दिल्ली) एवं जेपीएएल–एसए के सहयोग द्वारा ओडीशा में शोध कार्य कर रहा है। इसका मकसद यह जानना है कि किस प्रकार प्रारंभिक प्रोत्साहन, पोषण कार्यक्रम के साथ संयोजित होकर, विभिन्न साधनों द्वारा (देखभालकर्ताओं को व्यक्तिगत व समूह समर्थन देकर), बाल–विकास के परिणामों को प्रभावित कर सकता है।

वेस्टइंडीज यूनिवर्सिटी में दिसम्बर 2015 से डॉ. सैली ग्रांथम–मैकग्रेगर द्वारा प्रोत्साहन विश्लेषण के अनुरूप शिशु प्रोत्साहन दस्तावेज तैयार किया जा रहा है। प्रमुख गतिविधियाँ इस प्रकार हैं–

- समूह पाठ्यक्रम एवं अतिरिक्त दस्तावेजों का विकास,
- समूह पाठ्यक्रम का संचालन,
- पाठ्यक्रम तथा मूल्यांकन उपकरणों का प्रशिक्षण, और
- जाँच यात्राएँ

ई–कुअल परियोजना (2013–2017) ब्रिटिश परिषद्/यूरोपीय संघ 'एन्हासिंग क्वालिटी, एक्सेस एंड गवर्नेनस ऑफ अंडरग्रेजुएट एजुकेशन इन इंडिया (ई–कुअल)' परियोजना हेतु वर्ष 2014 में हस्ताक्षर किए गए। यह यूरोपीय संघ द्वारा वित्त पोषित अंतरराष्ट्रीय सहभागी परियोजना है जिसके अंतर्गत मई 2017 तक राशि सहायता के रूप में एक मिलियन से अधिक यूरो दिए जाऐंगे।

परियोजना संघ–भागीदारों, ब्रिटिश परिषद् प्रमुख भागीदार होने के साथ ही अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली, जादवपुर विश्वविद्यालय, किंग्स कॉलेज (लंदन), शिव नादर विश्वविद्यालय, बोलोग्ना विश्वविद्यालय एवं हैदराबाद विश्वविद्यालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही है।

इस परियोजना का उद्देश्य भारत–यूरोपीय संघ उच्चतर शिक्षा भागीदारी एवं सहयोग द्वारा

भारत में स्नातक शिक्षा की गुणवत्ता, पहुँच तथा नियमन में सुधार करना है। यह भारत में उच्च शिक्षा प्रदान करने और इसकी गुणवत्ता में सुधार लाने की भारत सरकार की योजना के अनुरूप है।

परियोजना की गतिविधियों को चार प्रमुख विषयों गहन सोच, सांस्कृतिक अध्ययन, मानव पारिस्थितिकी, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन एवं सतत विकास द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। परियोजना का उद्देश्य भारतीय संदर्भ हेतु प्रासंगिक दृष्टिकोण के अनुरूप तकनीक को बढ़ावा देते हुए, स्नातक शिक्षण व शिक्षा के क्षेत्र में सर्वोत्तम पद्धति, अनुभव एवं ज्ञान के आदान–प्रदान को सुगम बनाना है।

इस परियोजना के अंतर्गत की गई प्रमुख गतिविधियाँ इस प्रकार हैं–

- तीन डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का निर्माण किया गया–मेक वे! दि कुनो स्टोरी, अर्बन फ्यूचर्स इन दि इंडियन हिमालयाज़ एवं त्सो कार बेसिन ऑफ लद्दाख (यह अभी निर्माणोत्तर चरण में है)। इन डॉक्यूमेंट्री को मध्य प्रदेश के कुनो वन्यजीव अभयारण्य, हिमाचल प्रदेश के बंजर एवं लद्दाख, जम्मू और कश्मीर के त्सो कार बेसिन तथा इनके आसपास फिल्माया गया है। परियोजना के तहत तैयार ये एवं अन्य वीडियो व्याख्यान मुक्त शैक्षिक संसाधन (ओईआर) का गठन करेंगे तथा इन तक www.youtube.com/EQUALatAUD के माध्यम से पहुँचा जा सकता है।
- स्नातक अध्ययन शिक्षालय के विद्यार्थियों को मानव पारिस्थितिकी से अवगत करवाने हेतु चार क्रेडिट का वैकल्पिक पाठ्यक्रम निर्मित किया गया है। इसे 2015 मानसून सत्र के दौरान पढ़ाया गया।
- 19–20 फरवरी 2016 को भारत पर्यावास केंद्र, नई दिल्ली में विद्यार्थी सम्मेलन 'लर्निंग फ्रॉम लर्नर्स–ईकुअलाइजिंग डाइवर्स हायर एजुकेशन लैंडस्केप्स' आयोजित किया गया। इसका प्रमुख उद्देश्य छात्रों के माध्यम से आत्मकथात्मक महत्त्व को उजागर करना था जो शिक्षार्थियों के सीखने संबंधी अनुभवों को और भी प्रभावशाली ढंग से विश्लेषित तो करता ही है, साथ ही वास्तविक अधिगम वातावरण के भी अनुरूप है।
- परियोजना के तहत इस वर्ष तीन डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का कार्य जारी है। अभी ये फिल्में निर्माण के अलग–अलग चरणों में हैं। इस परियोजना के अंतर्गत क्रमशः अगस्त एवं अक्टूबर 2016 में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला तथा अकादमिक सम्मेलन का आयोजन भी किया जाना है।

नोटिंघम ट्रेंट यूनिवर्सिटी इस समझौते पर ब्रिटिश अकादमी इंटरनेशनल पार्टनरशिप एंड मोबिलिटी स्कीम 2014–2017 के तहत, नोटिंघम ट्रेंट यूनिवर्सिटी के आर्ट एंड डिजाइन स्कूल के साथ वर्ष 2014 में हस्ताक्षर किए गए। यह 'सस्टेनिंग कल्चर्स इन लोकल एनवायरमेंट्स : लर्निंग फ्रॉम दि इंडियन हैंडीक्राफ्ट्स सेक्टर' के अध्ययन हेतु ब्रिटिश अकादमी द्वारा वित्त पोषित है।

बेब्स–बोल्याई यूनिवर्सिटी, रोमानिया समझौते पर वर्ष 2015 में संकाय एवं विद्यार्थियों के विनिमय हेतु हस्ताक्षर किए गए। यह इरेस्मस प्लस द्वारा वित्त पोषित है। इसका उद्देश्य दो संस्थानों के मध्य छात्रों (स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएच.डी.) तथा संकाय–सदस्यों का

आदान–प्रदान करना है। जहाँ संकाय की यात्रा–अवधि दस दिनों की होगी, वहीं विद्यार्थियों के लिए यह अवधि पाँच महीनों अर्थात् एक सत्र की होगी।

आगंतुकों को उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा करने का अवसर भी प्राप्त होगा। प्रबंधन संचालन की रूपरेखा, विशेषतौर पर विद्यार्थी विनिमय के संदर्भ में दो संस्थानों के मध्य पाठ्यक्रम समानता एवं क्रेडिट हस्तांतरण पर कार्य करना अभी बाकी है।

रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट अभिकल्प, संस्कृति एवं समाज पर स्नातकोत्तर शिक्षा एवं प्रशिक्षण की सर्वोत्तम प्रणालियों का विकास करने : 'डेवलपिंग करिकुलम, पेडागोजी एंड टीचिंग मैटेरियल्स थ्रू कॉलबोरेटिव, क्रॉस–कल्चरल पार्टनरशिप' हेतु वर्ष 2014 में हस्ताक्षर किए गए। अब परियोजना पूर्ण हो चुकी है एवं सहभागिता भी समाप्त हो चुकी है।

प्रशिक्षुओं से सीखना, छात्र सम्मलेन

अनुसंधान परियोजनाएँ

अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली अपने संकाय एवं छात्रों को अनुसंधान करने हेतु प्रोत्साहित करता है। यह दोनों–शैक्षिणक तथा सामाजिक दुनिया हेतु सतत कार्य के महत्त्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। शोध परियोजनाओं को विभिन्न अनुदान अभिकरणों, उद्योगों तथा अन्य संगठनों के माध्यम से वित्त पोषित किया जाता है। सभी जानकारी नीचे तालिका में सूचीबद्ध हैं–

परियोजना	अवधि	अनुदान अभिकरण (एंजेसी)	स्वीकृत कुल अनुदान	प्राप्त अनुदान
		विस्तृत परियोजनाएँ (जारी)		
अनुसंधान (दि स्टेट, गलोबलाइजेशन एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट इन इंडिया : दि पोलिटिकल इकॉनमी ऑफ रेगुलेशन एंड डीरेगुलेशन)	3 वर्ष	नार्वेजियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स (एनयूपीआई)	50000 अमरीकी डॉलर	33.08
स्नातक शिक्षण पाठ्यक्रम विकास {एन्हासिंग क्वालिटी, एक्सेस एंड गवर्नेंस ऑफ अंडरग्रेजुएट एजुकेशन इन इंडिया (ई–कुअल)}	3 वर्ष	ब्रिटिश परिषद्	162455 यूरो	84.39
श्रव्य / सादगार व्याख्यान : एम. फिल विद्यार्थियों (विकास प्रणाली) हेतु वार्षिक एवं फेलोशिप	अनुपलब्ध	रोहिणी घडीक फाउंडेशन		4.30
बिल्डिंग एन ओरल हिस्ट्री आर्काइव एंड पब्लिकेशन : इंवॉल्वेस रिसर्चिंग, इंटरव्यूइंग, आर्काइविंग, रेलीजिंग ए पब्लिकेशन (डेल्ही ओरलिटीएस प्रोजक्ट)	2 वर्ष	आईसीएसएसआर	12.00	9.60
अनुसंधान (मैपिंग सोशियो–इकोलॉजिकल वल्नेरेबिलिटी : नेचर, सोसायटी एंड मार्केट्स)	अनुपलबध	आईसीएसएसआर	21.87	18.59
पाठ्यक्रम विकास (इंस्टीट्यू शलाइजिंग एन एम.फिल प्रोग्राम इन डेवलपमेंट प्रैक्टिस)	4 वर्ष	जमशेदजी टाटा ट्रस्ट	346.97	202.3
अनुसंधान (सर्विस क्वालिटी इन रेस्टोरेंट इंडस्ट्री : ए स्टडी ऑफ सिलेक्टेड स्टेट्स इन नार्थ इंडिया)	1.5 वर्ष	आईसीएसएसआर	5.00	4.00
अनुसंधान (लाइवलीहुड एंड आइडेंटिटी अमंग दि पलायस : ए केस स्टडी ऑफ सरपं थुल्लल इन केरल)	2 वर्ष	आईसीएसएसआर	15.00	10.50
अनुसंधान (सोशियो इकोनॉमिक स्टेट्स ऑफ पार्टिक्युरली वल्नरेबल ट्राइबल ग्रुप्स ऑफ ओडिशा)	3 वर्ष	आईसीएसएसआर	12.00	4.80

एम. फिल कार्यक्रम हेतु प्रायोजित छात्रवृत्ति (2014–15 बैच)		एनएसडीएल ई–गवर्नेंस	29.60	27.01
अनुसंधान (माइग्रेशन, अर्बन सेटलमेंट्स एंड लाइवलीहुड्स)	2 वर्ष	इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान	10.00	4.50
अनुसंधान (सपोर्ट फॉर रिसर्च ऑन नॉन–टिम्बर फॉरेस्ट प्रोड्यूस मार्केट्स टू स्टेंगथेन लाइवलीहुड्स ऑफ ट्राइबल कम्युनिटीज इन सम ऑफ इंडियाज पुअरस्ट मार्जिनलाइजड रीजन्स)	3 वर्ष	फोर्ड फाउंडेशन (यूएसए)	370000 अमरीकी डॉलर	81.48
लाइवलीहुड्स ऑफ ट्राइबल कम्युनिटीज इन सम ऑफ इंडियाज पुअरस्ट मार्जिनलाइजड रीजन्स)	3 वर्ष	फोर्ड फाउंडेशन (यूएसए)	370000 अमरीकी डॉलर	81.48
ऑफ ट्राइबल कम्युनिटीज इन सम ऑफ इंडियाज पुअरस्ट मार्जिनलाइजड रीजन्स)	3 वर्ष	फोर्ड फाउंडेशन (यूएसए)	370000 अमरीकी डॉलर	81.48
सोशल इंटरप्रर्न्योशिप एजुकेशन एंड इंक्यूबेशन थ्रू इंडो–यूके कोलैबोरेशन	1 वर्ष	ब्रिटिश परिषद्	30000 पाउंड	7.00
एजुकेशन एंड इंक्यूबेशन थ्रू इंडो–यूके कोलैबोरेशन	1 वर्ष	ब्रिटिश परिषद्	30000 पाउंड	7.00
सपोर्ट फॉर ट्रांसफॉरमेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट	1 वर्ष	जमशेदजी टाटा ट्रस्ट	4.59	4.59
एडवांसिंग म्यूचुअल अंडरस्टैंडिंग एंड कोऑपरेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट	1 वर्ष	चार्ल्स स्टर्ट यूनिवर्सिटी, पग्सली प्लेस, ऑस्ट्रेलिया	5.00	3.25
इंक्यूबेटिंग कम्युनिटी–बेस्ड सोशल इनिशिएटिव : किनारे	1 वर्ष	प्राइस वाटरहाउस कूपर्स (पीडब्ल्यूसी) इंडिया फाउंडेशन	4.00	4.00
अनुसंधान (कल्चर एंड इकोलॉजी ऑफ सेक्रेड ग्रेव्स एंड टेम्पल्स इन मणिपुर)	1 वर्ष	आईसीएसएसआर	4.00	1.80
सेविंग ब्रेन्स : चेंजिंग माइंडसेट्स	2 वर्ष	मोबाइल क्रेचेस	40.16	31.35
शक्तिशाली विचारों द्वारा असाधारण सामाजिक उद्यमियों का समर्थन करने, नवाचार साझा करने तथा अधिगम व ज्ञान पर प्रकाश डालने हेतु एक ऐसा मंच प्रदान करना, जो सार्वजनिक नीति को प्रभावित कर सके।	1 वर्ष	सीएसएफ (सेंट्रल स्क्वायर फाउंडेशन)	35.00	17.50
यूनिसेफ	1 वर्ष	आईईसीईआई	84.00	16.61
यूनिसेफ	1 वर्ष	ईएलडीएस	170.49	38.68
एनआईएच–येल	1 वर्ष	एनआईएच–येल	34.87	9.30
यूजीसी	5 वर्ष	यूजीसी	700.00	420.00
कोर्स एवं पाठ्यक्रम तैयार करना (ईसीसीई पर शैक्षणिक कार्यक्रम विकसित तथा प्रस्तुत करना)	2 वर्ष	एसआरटीटी (सर रतन टाटा ट्रस्ट)	70.00	50.00

विस्तृत परियोजनाएँ (पूर्ण)				
अनुसंधान (एन असेसमेंट ऑफ डिपेंडेंस ऑफ फॉरेस्ट प्रोडक्ट्स एंड मार्केटिंग इश्यूज इन कंधमाल एंड कालाहांडी डिस्ट्रिक्ट्स ऑफ ओडिशा)	2 वर्ष	आईसीएसएसआर	5.00	2.00
यूनिसेफ	1 वर्ष	ईएलडीएस (यूनिसेफ)	106.95	81.05
यूनिसेफ	1 वर्ष	आईईसीईआई (यूनिसेफ)	130.56	126.88
यूनिसेफ	1 वर्ष	यूनिसेफ, डब्ल्यूबी	13.47	6.27
कथा	1 वर्ष	कथा	13.47	6.27
स्टार्ट अर्ली : रीड इन टाइम प्रोजेक्ट	1 वर्ष	केयर इंडिया	7.63	7.63
यूनिसेफ	1 वर्ष	यूनिसेफ, सीएनएनएस	13.09	7.70
अर्ली चाइल्डहुड डेवलपमेंट फॉर दि पुअर : इम्पक्टिंग एट स्केल	1 वर्ष	एनआईएच येल	31.33	31.33
केयर	1 वर्ष	केयर इंडिया	5.50	4.95
प्रेम सीबीसीडी सेंटर का मूल्यांकन	1 वर्ष	बीवीएलएफ	20.57	20.57
लघु परियोजनाएँ (जारी)				
बिल्डिंग आर्काइव : इनवॉल्व्स रिसर्चिंग, डिजिटाइजिंग एंड आर्काइविंग (लोतिका वरदराजन एथनोग्राफिक आर्काइव)	9 महीने	वसंत जे. सेठ मेमोरियल फाउंडेशन	3.00	3.00
लघु परियोजनाएँ (पूर्ण)				
अगा खान फाउंडेशन	1 वर्ष	अगा खान फाउंडेशन	1.69	1.69
विक्रम सारा भाई फाउंडेशन		विक्रम सारा भाई फाउंडेशन	0.30	0.30
एक नारी संगठन	6 महीने	प्रोफेशनल असिस्टेंस फॉर डेवलपमेंट एक्शन (प्रदान)	1.98	1.98
अनुसंधान (इकोलॉजीकल रेस्टोरेशन ऑफ रेग्राडेड लैंडस्केप्स इन बोलनी आयरन और माइंस एरिया ऑफ सेल : ए मॉडल फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट, बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन एंड को–मिटिगेशन स्ट्रेटेजी)	3 वर्ष	भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड	74.97	74.97

विभाग

पुस्तकालय

अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली का पुस्तकालय अपने मुख्य परिसर कश्मीरी गेट, दिल्ली में स्थित है। अध्ययन कक्ष एवं पुस्तक क्षेत्र पूरी तरह वातानुकूलित हैं। पुस्तकालय के अधिकांश कार्य स्वचालित कर दिए गए हैं और शेष कार्यप्रणालियाँ स्वचालन की प्रक्रिया में हैं। पुस्तकालय तीन राष्ट्रीय अवकाशों को छोड़कर पूरे वर्ष सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक खुला रहता है।

पुस्तकालय समिति में अलग–अलग शिक्षालयों के 35 सदस्य हैं। प्रोफेसर गीता वेंकटरमण पुस्तकालय समिति की अध्यक्ष हैं।

पाठक सेवाएँ

वर्तमान में 2,000 से अधिक विद्यार्थी, संकाय सदस्य, विद्वान, प्रशासनिक कर्मचारी तथा अतिथि संकाय पुस्तकालय सेवाओं का उपयोग करते हैं। पुस्तकालय अपने उपयोगकर्ताओं को संदर्भ, जारी/वापसी पुस्तक सेवाएँ, इंटरनेट सेवाएँ, ट्यूटोरियल, ओपीएसी, ऑनलाइन एवं मुद्रित पत्रिकाएँ तथा ई–पुस्तक के उपयोग आदि की सुविधा प्रदान करता है।

संसाधन वितरण

एयूडी का पुस्तकालय डेवलपिंग लाइब्रेरी नेटवर्क (डेलनेट) एवं इन्फॉर्मेशन एंड लाइब्रेरी नेटवर्क सेंटर (सूचना एवं पुस्तकालय तंत्र केंद्र/आईएनएफएलआईबीएनईटी) का सदस्य है। पुस्तकालय सदस्यों को अंतर–पुस्तकालय ऋण सेवाएँ भी प्रदान करता है।

पुस्तकालय के संसाधन

इस वर्ष पुस्तकालय ने 74,54,039 रु. की 3,023 पुस्तकें खरीदीं हैं एवं इसका 36,000 पुस्तकों का संग्रह है। पुस्तकालय में 1,49,86,407 रु. की 23,423 ई–पत्रिकाएँ तथा 5,44,494 रु. की मुद्रित पत्रिकाएँ भी हैं। सात अंग्रेजी व तीन हिन्दी अखबारों की सदस्यता ली गई है। इसमें 25 डेटाबेस, 120 ई–पुस्तक और 120 सीडी हैं।

उपलब्धियाँ/सम्मान

अलका राय एसएलए की सामरिक योजना समिति, एलआईएस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन समिति, क्योटो, जापान एवं लाइब्रेरी साइंस एंड रिसर्च इंटरनेशनल जर्नल की समीक्षा समिति की सदस्य थीं।

प्रस्तुतियाँ

कुमार, दिनेश : 12–15 मार्च 2016 तक भारतीय पुस्तकाल संघ एवं सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, सौराष्ट्र, गुजरात द्वारा आयोजित 61वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'ससटैनिंग दि एक्सीलेंस : ट्रांसफॉर्मिंग लाइब्रेरीज थ्रू टैक्नोलॉजी, इनोवेशन एंड वैल्यू एडेड सर्विसेज इन ग्लोबल एरा' में "पराडिग्म शिफ्ट ऑफ लाइब्रेरीज इन हायर एजुकेशन" शोधपत्र प्रस्तुत किया।

——. 26–29 नवम्बर 2015 तक इकोनॉमिक ग्रोथ इंस्टीट्यूट, दिल्ली द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'सीओएलएनईटी 2015' में "ऑथोरशिप कंट्रिब्यूशन्स टू अकादमी ऑफ मैनेजमेंट जर्नल : साइंट्रोमेट्रिक्स एनालिसिस" शोधपत्र प्रस्तुत किया।

राय, अलका : अगस्त 2015 में ओसका, जापान में आयोजित सम्मेलन 'एलआईएस 2015' में "डिजिटल डिवाइड, लाइब्रेरी प्रोफेशनल्स एंड इमर्जिंग ट्रेंड्स इन ट्वेंटीफर्स्ट सेंचुरी" शोधपत्र प्रस्तुत किया।

व्याख्यान / उपलब्धियाँ

कार, देबल सी. : 22–24 अप्रैल 2015 तक एशियाई चैप्टर ऑफ दि स्पेशल लाइब्रेरीज एसोसिएशन ने कोरिया स्पेशल लाइब्रेरी एसोसिएशन (केएसएलए), कोरिया इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टैक्नोलॉजी इन्फॉर्मेशन (केआईएसटीआई) एवं नेशनल असेंबली लाइब्रेरी, सोल, दक्षिण कोरिया के साथ मिलकर चौथे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'एशियाई स्पेशल लाइब्रेरीज (आईसीओएएसएल 2015)' का आयोजन किया। इन्होंने इसके "वैल्यूज" सत्र की अध्यक्षता की।

——. 26–28 नवम्बर 2015 तक इकोनॉमिक ग्रोथ इंस्टीट्यूट, एशियाई चैप्टर ऑफ स्पेशल लाइब्रेरीज एसोसिएशन एवं सोसायटी ऑफ लाइब्रेरी प्रोफेशनल्स, इकोनॉमिक ग्रोथ इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 11वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'वेबोमेट्रिक्स, इंफॉर्मेट्रिक्स एंड साइंटोमेट्रिक्स (डब्ल्यूआईएस)' तथा 16वीं 'सीओएलएलएनईटी' बैठक में उद्घाटन सत्र में व्याख्यान प्रस्तुत किया तथा 'साइंटोमेट्रिक्स / इंफॉर्मेट्रिक्स / वेबोमेट्रिक्स इवैल्यूएशन इंडीकेटर्स' सत्र की अध्यक्षता की।

कुमार, दिनेश : मानव संसाधन विकास केंद्र, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली द्वारा 28 जुलाई से 25 अगस्त 2015 तक आयोजित, यूजीसी प्रायोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम में भाग लिया।

——. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली के एम. फिल इतिहास के विद्यार्थियों हेतु पुस्तकालय उन्मुखीकरण व्याख्यान प्रस्तुत किया।

सूचना एवं तकनीकी सेवाएँ

सूचना एवं तकनीकी सेवाएँ सभी आईटी–संबंधित गतिविधियों के लिए रीढ़ की हड्डी के समान कार्य करती है। इसके द्वारा प्रदान की गई सेवाएँ हैं–इंटरनेट एक्सेस, ईमेल, आईटी सुरक्षा, वाईफाई कनेक्टिविटी, केंद्रीकृत बैकअप स्टोरेज, इंट्रानेट, मूडर सर्वर, वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क एक्सेस व पुस्तकालय सेवाएँ, नौकरी पोर्टल, विश्वविद्यालय की वेबसाइट का रखरखाव एवं ईआरपी (वर्तमान में विद्यार्थी लाइफ सर्कल, एचआर, वित्त, खरीद/प्राप्ति, भंडार सूची के हेतु)। नेटवर्क में 500 से अधिक नोड्स शामिल हैं। प्रभाग द्वारा दी गई सभी आईसीटी सेवाएँ 24x7 आधार पर संचालित हैं। प्रभाग इंटरनेट की सुविधा एवं ऑनलाइन अधिगम सामग्री उपलब्ध कराने के लिए नेशनल नॉलेज नेटवर्क हेतु 100 एमबीपीएस लिंक का संचालन करता है।

मौजूदा ईआरपी प्रणाली को प्रवेश प्रक्रिया, शैक्षणिक कार्यक्रमों, मानव संसाधनों, वित्त व लेखांकन एवं पेरोल प्रणाली जैसे कार्यों को स्वचालित रूप से करने हेतु उन्नत/अनुकूलित किया गया है।

इंट्रानेट

इंट्रानेट साइट उन्मुक्त स्रोत प्रौद्योगिकी पर आधारित है। इसके अतिरिक्त यह आंतरिक उपयोगकर्ताओं को विश्वविद्यालय–गतिविधियों की अद्यतित जानकारी प्रदान करती है। सुरक्षित प्रमाणीकरण के आधार पर वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क विकल्प के माध्यम से संकाय, कर्मचारी एवं विद्यार्थी ई–पत्रिकाओं, इंट्रानेट तथा ऑनलाइन पुस्तकालय सेवाओं तक पहुँच सकते हैं। इंट्रानेट सेवा के माध्यम से नई सुविधाओं को जोड़ा गया है–

- वित्त उद्यत चैक प्रणाली
- ऑनलाइन कैलेंडर के साथ लैब बुकिंग अनुसूची
- खोजनीय प्रणाली द्वारा ई–पत्रिकाओं तक पहुँच
- कर्मचारी एवं विद्यार्थी फार्म, परिपत्र एवं सूचनाओं तक पहुँच
- बैठकों की रपट तक पहुँच
- विद्यार्थी वाईफाई एक्सेस पंजीकरण

डोमेन नेम्स

एयूडी की मेजबानी मुख्य एवं उप–डोमेन करते हैं। इनको आईटी सेवा प्रभाग द्वारा रूप प्रदान किया गया है। इनका रखरखाव भी आईटी प्रभाग ही करता है। वो हैं–

http://faud.aud.ac.in (एयूडी परिसर)

http://verify.aud.ac.in (एयूडी परिसर)

गूगल ऐप्स

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कर्मचारियों को समर्थन देने हेतु आईटी सेवा ने गूगल कक्षा जैसी नई सुविधा का उपयोग करने के लिए गूगल ऐप्स कार्यान्वित किया है। पहले

से ही छः हजार से अधिक खाते संकाय, प्रशासनिक तथा तकनीकी कर्मचारियों एवं छात्रों हेतु बनाए जा चुके हैं। एयूडी मेल सेवा के अलावा उपयोगकर्ता गूगल डॉक्स, कैलेंडर, ग्रुप्स आदि को भी एक्सेस कर सकते हैं। प्रत्येक उपयोगकर्ता के लिए क्लाउड स्टोरेज की क्षमता 30 जीबी से बढ़ाकर 5 टीबी कर दी गई है।

अपग्रेड सेवाएँ

नियोजित तकनीकियों में सुधार एवं वृद्धि (अपग्रेड) की गई हैं–

- निर्देशिका आधारित प्रामाणिक सुरक्षा प्रणाली
- एचए मोड में साइबेरियम यूटीएम के माध्यम से गेटवे सुरक्षा एवं एंटी स्पैम
- एंडपॉइंट एंटरप्राइज एंटीवायरस सर्वर
- एप्लीकेशन सर्वर्स ऑन लिनक्स अपग्रेडेड
- एप्लीकेशन सर्वर्स ऑन विंडोज अपग्रेडेड
- ऑनलाइन पाठ्यक्रम प्रबंधन सेवा मूडल
- पुस्तकालय प्रबंधन सेवाएँ एवं ऑनलाइन वेब कैटलॉग
- सर्वर हेतु डीएमजेड ज़ोन बनाकर नेटवर्क सुरक्षा–वृद्धि
- सूचना प्रसार हेतु विश्वविद्यालय इंट्रानेट सेवाएँ
- सभी संगणक प्रयोगशालाओं में सीसीटीवी निगरानी
- सैन एकीकृत संचयन
- सभी कक्षाएँ ध्वनि प्रणाली से सुसज्जित

स्वामित्व एवं मुक्त स्रोत सॉफ्टवेयर

मैथमैटिका (25 नं.), एआरसी व्यू (20 नं.), स्टेटा सॉफ्टवेयर (45 उपयोगकर्ता), ऑटो सीएडी (225 उपयोगकर्ता), टैली ईआरपी : असीमित, टर्निटिन एंटी–प्लागिरिज्म एप्लीकेशन (500 उपयोगकर्ता) एवं एंड्रॉइड एप्लीकेशन (एयूडी प्लेस लोकेटर) हेतु स्वामित्व सॉफ्टवेयर लाइसेंस का नवीनीकरण किया गया है।

मुक्त स्रोत सॉफ्टवेयर लाइसेंस को नए संस्करण–उबंटु 14.04, डेबियन 7, रेडाहट 7, मूडल 2.8, ड्रुपल 7, अपाचे 2.4, टोमैक 7, डीस्पेश 4, वर्डप्रेस 4.3.1, मैक्स्यूल 5.0 के साथ अपग्रेड कर दिया गया है।

विद्यार्थी सेवाएँ

विद्यार्थी प्रभाग के अधिष्ठाता सभी छात्र सेवाओं की अध्यक्षता करते हैं। यह निम्नलिखित की देखरेख हेतु उत्तरदायी है–

- नामांकन से जुड़े विज्ञापन एवं प्रचार संबंधित मुद्दे, प्रवेश प्रक्रियाओं का समन्वय करना, नामांकन/मूल्यांकन प्रक्रियाओं संबंधित बैठकों का आयोजन, आवेदन/प्रवेश फार्म के संग्रह अभिलेख का रखरखाव, छात्र–शुल्क के लेन–देन और संग्रह की देखरेख करना;
- अंतिम प्रतिलेख/प्रवासन/बोनफाइड/स्थानांतरण/उपाधि प्रमाणपत्र जारी करना, सावधानी जमा–धन को वापस करना एवं वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित करना;
- शुल्क छूट समिति की बैठकों का आयोजन तथा छात्रवृत्ति व छात्र कल्याण कोष का वितरण करना;
- शोध विद्यार्थियों को मासिक छात्रवृत्ति जारी करना;
- उच्च शिक्षा निदेशालय व राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सरकार से संपर्क स्थापित करना तथा शैक्षिक मेलों में भागीदारी; और
- छात्र प्रकोष्ठ के साथ समन्वय करना एवं विद्यार्थियों हेतु ऑनलाइन समस्या निवारण प्रणाली (ओपीआरएसएस) को संभालना।

नामांकन प्रक्रिया

स्नातक एवं स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में नामांकन प्रक्रिया मई/जून 2015 में तथा एम. फिल व पीएच. डी. कार्यक्रमों की जुलाई/अगस्त 2015 में आरंभ हुई।

सीटों का आरक्षण नामांकन उच्चतर शिक्षा संस्थानों हेतु लागू विभिन्न सामाजिक समूहों एवं अन्य श्रेणियों संबंधित राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सरकार की आरक्षण नीतियों के अनुसार किया गया। आरक्षण की मौजूदा व्यवस्था हैः– एनसीटी, दिल्ली के छात्रों के लिए 85 प्रतिशत एवं एनसीटी, दिल्ली से बाहर के विद्यार्थियों हेतु 15 प्रतिशत।

विदेशी छात्रों का नामांकन प्रत्येक कार्यक्रम में विदेशी छात्रों के लिए कुछ सीटें आरक्षित हैं। विदेशी नागरिक, जो भारत के नहीं हैं, उन्हें अपने वाणिज्यदूत या दूतावास के माध्यम से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। विदेशी नागरिकों के विद्यार्थी वीजा (विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्राप्त) को अध्ययन की संपूर्ण अवधि के लिए मान्य होना चाहिए। इसके अलावा विदेशी नागरिकों की उपाधि भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा मान्यता प्राप्त होनी चाहिए।

विदेशी छात्रों का शुल्क, भारतीय विद्यार्थियों से प्रत्येक सत्र में दुगना है। इसके अतिरिक्त उन्हें 500 रु. प्रति सत्र छात्र कल्याण कोष में एवं 10,000 रु. वापसी जमा–राशि (रिफंडेबल डिपाजिट) के रूप में भी देना होता है।

विद्यार्थियों का चयन स्नातक कार्यक्रमों में छात्रों का नामांकन, योग्यता (बारहवीं कक्षा में प्राप्त अंक) पर एवं स्नातकोत्तर व शोध (एम. फिल और पीएच. डी.) कार्यक्रमों में लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार पर आधारित था।

स्नातक कार्यक्रम प्रवेश–पात्रता की निम्नलिखित शर्तें थीं–

बी. ए. गणित : प्रत्याशी के 12वीं बोर्ड परीक्षा में गणित विषय में न्यूनतम अंक 65 प्रतिशत होने आवश्यक थे।

बी. ए. अर्थशास्त्र : प्रत्याशी के 12वीं बोर्ड परीक्षा में गणित विषय में प्राप्त अंकों को 'सर्वश्रेष्ठ चार विषयों' की गणना में शामिल किया गया।

बी. ए. अंग्रेजी : प्रत्याक्षी के 12वीं बोर्ड परीक्षा में अंग्रेजी विषय में न्यूनतम अंक 65 प्रतिशत होने आवश्यक थे।

विश्वविद्यालय के सभी कार्यक्रमों में एससी/एसटी एवं पीडी श्रेणियों के प्रत्याशियों को पात्रता–मानदंड में 5 प्रतिशत की छूट दी गई थी।

स्नातकोत्तर कार्यक्रम प्रवेश–पात्रता की निम्नलिखित शर्तें थीं–

किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि में 45 प्रतिशत या इसके समान ग्रेड होने आवश्यक थे। इसके अतिरिक्त अन्य विशिष्टताएँ इस प्रकार थीं;

एम.ए. शिक्षा, एम.ए. सामाजिक उद्यमिता एवं प्रकाशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा हेतु : मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में न्यूनतम अंक 50 प्रतिशत या इसके समान ग्रेड होने चाहिए थे।

एससीसीई हेतु : मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में न्यूनतम अंक 40 प्रतिशत या इसके समान ग्रेड होने चाहिए थे।

एससी/एसटी एवं पीडी श्रेणियों के प्रत्याशियों को पात्रता–मानदंड में 5 प्रतिशत की छूट दी गई थी।

एम. फिल. : मान्यता प्राप्त संस्थान से सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी के किसी भी क्षेत्र में स्नातकोत्तर की उपाधि में 55 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष सीजीए (एससी/एसटी/पीडी आवेदकों हेतु 50 प्रतिशत से अधिक)।

पीएच. डी. : मान्यता प्राप्त संस्थान से सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी के किसी भी क्षेत्र में एम. फिल (शोध प्रबंध के साथ)। विशेष मामलों में, एम. ए. में अतिरिक्त इतिहास पाठ्यक्रम (उदाहरणस्वरूप, बिना शोध प्रबंध के एम. फिल. पाठ्यक्रम) पूरा करने वाले प्रत्याशी, प्रवेश–पात्रता योग्य समझे जाते हैं।

प्रवेश परीक्षा हेतु चयनित सभी प्रत्याशियों को प्रवेश परीक्षा की तिथि पर अंग्रेजी में शोध–प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा।

पार्श्विक प्रवेश समिति

पार्श्विक प्रवेश समिति अध्ययन के किसी भी विशेष कार्यक्रम में पार्श्विक प्रविष्टियों की प्रक्रिया को सुगम बनाती है। इस श्रेणी के माध्यम से नामांकन हेतु सभी संबंधित दस्तावेजों (पहले

सत्र/वर्ष आदि का परिणाम) को प्रस्तुत करना तथा शैक्षणिक कार्यक्रम की निर्धारित न्यूनतम योग्यता (यदि अतिरिक्त कोई हो) को पूरा करना आवश्यक है।

शुल्क संरचना

शुल्क (फीस) संरचना एवं छूट–पेशकश के माध्यम से एयूडी अपने विद्यार्थियों में सामाजिक संवेदनशीलता विकसित करना चाहता है, जिससे वे अपने स्वाधिकारों के प्रति जागरूक हो सके तथा भविष्य में समाजिक सेवा करने हेतु वे अपनी पेशेवर क्षमताओं को विकसित कर सके।

एयूडी की शुल्क संरचना, कार्यक्रम के प्रति क्रेडिट 1,050 रु. से 2,200 रु. है। इसके अलावा अधिनियम के अनुसार 500 रु. प्रति सत्र 'छात्र कल्याण कोष' में तथा नामांकन के समय 5,000 रु. वापसी योग्य सावधि जमा–राशि के रूप में (एक बार) देने होते हैं।

कार्यक्रम में नामांकन हेतु सभी प्रत्याशियों को स्वीकारोक्ति सूचना में दिए गए निर्दिष्ट समय के भीतर शुल्क जमा करना अनिवार्य होता है। कक्षाओं के प्रारंभिक चार हफ्तों में विद्यार्थियों को आगामी सत्र/सत्रों के शुल्क का भुगतान करना आवश्यक होता है। विलंबित अदायगी हेतु 100 रु. प्रति सप्ताह जुर्माना लगाया जाता है एवं चार हफ्तों तक भुगतान न करने पर कार्यक्रम से विद्यार्थी का नामांकन रद्द कर दिया जाता है।

शुल्क वापसी : नामांकन के बाद, यदि कोई छात्र कार्यक्रम छोड़ना चाहता है तो समय–अन्तराल अनुसार शुल्क वापस किया जाता है:–

- उन्मुखीकरण कार्यक्रम से पूर्व कार्यक्रम छोड़ने पर 1,000 रु. की कटौती की जाती है।
- उन्मुखीकरण कार्यक्रम के बाद कार्यक्रम छोड़ने पर केवल सावधि जमा–राशि वापस की जाती है।

शुल्क माफी एवं छात्रवृत्तियाँ : विद्यार्थियों की आर्थिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखकर विश्वविद्यालय जरूरतमंद छात्रों को पूर्ण अथवा आंशिक शुल्क माफी प्रदान करता है। वास्तव में, विद्यार्थियों से एकत्रित 25 प्रतिशत शुल्क, आर्थिक रूप से असहाय विद्यार्थियों को शुल्क–माफी एवं छात्रवृत्तियों के द्वारा वापस कर दिया जाता है।

शुल्क माफी एवं छात्रवृत्तियों हेतु आवेदन–प्रक्रिया : विद्यार्थियों को कार्यक्रम में नामांकन के समय शुल्क माफी संबंधी सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। यदि कार्यक्रम में छात्रों का अस्थायी–नामांकन हो गया है तो उन्हें बिना शुल्क भुगतान के प्रवेश लेने की अनुमति है। जिन विद्यार्थियों की पारिवारिक वार्षिक आय 5,00,000 रु. से कम है वे शुल्क माफी हेतु योग्य हैं। छात्रों को शुल्क माफी तब तक मिलती रहेगी जब तक वे नियमित रूप से कक्षाएँ लेंगे और शिक्षा (स्टडीज) में अपने प्रदर्शन का एक स्वीकार्य स्तर बनाए रखेंगे। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग विद्यार्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे उसी वर्ष के शैक्षणिक सत्र के लिए एससी/एसटी/पीडी श्रेणियों के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु फरवरी महीने में अपने आवेदन प्रस्तुत करें।

छात्र कल्याण कोष

विश्वविद्यालय ने छात्र कल्याण कोष का निर्माण जरूरतमंद विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता देने हेतु किया है। इसके अंतर्गत छात्रों को आकस्मिक चिकित्सा सहायता, पुस्तकों एवं अध्ययन सामग्री की खरीद, एयूडी की छात्रावास सुविधाओं की राशि के समतुल्य भोजन व आवास व्यय तथा उनकी अन्य आवश्यकताओं से संबंधित सहायता प्रदान की जाती है।

छात्र कल्याण कोष हेतु सभी विद्यार्थियों से प्रत्येक सत्र में 500 रु. की राशि ली जाती है एवं इतनी ही राशि का योगदान विश्वविद्यालय भी करता है। कोष का प्रबंध तथा निगरानी एक समिति करती है, जिसमें छात्र समुदाय द्वारा नामित विद्यार्थी भी शामिल होता है।



सरकश अल्फाज

विद्यार्थी रूपरेखा

विभिन्न कार्यक्रमों में (30.09.2015 तक) विद्यार्थियों की कुल संख्या तालिका में दी गई है:–

कार्यक्रम	छात्रों की कुल संख्या	पुरुष	महिला	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	दिव्यांग	सैनिक / सीडब्ल्यूएपी	विदेशी छात्र	सामान्य
बी.ए.	670	351	319	101	10	125	1	0	5	428
एम.ए.	882	257	625	74	109	127	2	0	2	568
एम.फिल	142	46	96	15	14	18	1	1	1	92
पीएच.डी.	63	25	38	8	2	6	0	0	1	46
कुल	**1757**	**679**	**1078**	**198**	**135**	**276**	**4**	**1**	**9**	**1134**

विभिन्न कार्यक्रमों में (30.09.2015 तक) स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों की कुल संख्या तालिका में दी गई है:–

स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों की कुल संख्या

स्नातक अध्ययन शिक्षालय										
बी.ए.अर्थशास्त्र	97	62	35	16	0	19	0	0	1	61
बी.ए. अंग्रेजी	107	37	70	21	3	22	0	0	0	61
बी.ए. इतिहास	111	72	39	20	3	22	1	0	0	65
बी.ए. गणित	71	50	21	05	0	11	0	0	0	55
बी.ए. मनोविज्ञान	90	33	57	10	1	16	0	0	0	63
बी.ए. सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी	96	51	45	10	1	18	0	0	4	63
बी.ए. समाजशास्त्र	98	46	52	19	2	17	0	0	0	60
कुल (बी.ए.)	**670**	**351**	**319**	**101**	**10**	**125**	**1**	**0**	**5**	**428**
व्यवसाय, लोकनीति एवं सामाजिक उद्यमिता शिक्षालय										
एम.ए. व्यवसाय प्रशासन	75	37	38	17	1	19	0	0	0	38
एम.ए. सामाजिक उद्यमिता	02	0	02	0	0	0	0	0	0	02
पी.जी. डिप्लोमा प्रकाशन	10	0	10	0	0	0	0	0	0	10
संस्कृति एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति शिक्षालय										
एम.ए. फिल्म अध्ययन	20	14	06	1	0	1	0	0	0	18
एम.ए. साहित्य कला	14	04	10	1	1	1	0	0	0	11
एम.ए. अभिनय अध्ययन	20	10	10	0	0	0	0	0	0	20
एम.ए. दृश्य कला	20	07	13	1	0	1	0	0	0	18
डिजाइन शिक्षालय										
एम.ए. सामाजिक डिजाइन	25	07	18	1	1	0	0	0	0	23

विकास अध्ययन शिक्षालय										
एम.ए. विकास अध्ययन	87	36	51	05	15	17	0	0	0	50
शैक्षिक अध्ययन शिक्षालय										
एम.ए. शिक्षाशास्त्र	52	03	49	7	6	8	0	0	1	30
एम.ए. प्रारंभिक बाल संरक्षण एवं शिक्षा	44	03	41	3	6	1	0	0	0	34
पी.जी. डिप्लोमा प्रारंभिक बाल संरक्षण एवं शिक्षा	02	01	01	0	0	0	0	0	0	2
मानव पारिस्थितिकी शिक्षालय										
एम.ए. पर्यावरण एवं विकास	61	24	37	6	10	9	1	0	0	35
मानव अध्ययन शिक्षालय										
एम.ए. जेंडर अध्ययन	56	01	55	4	7	5	0	0	0	40
एम.ए. मनोविज्ञान	93	19	74	14	11	13	1	0	0	54
ललित अध्ययन शिक्षालय										
एम.ए. अर्थशास्त्र	73	26	47	3	2	21	0	0	0	47
एम.ए. अंग्रेजी	74	20	54	7	10	19	0	0	1	37
एम.ए. इतिहास	69	28	41	2	19	3	0	0	0	45
एम.ए. समाजशास्त्र	85	17	68	2	20	9	0	0	0	54
कुल (एम.ए.)	**882**	**257**	**625**	**74**	**109**	**127**	**2**	**0**	**2**	**568**

विभिन्न कार्यक्रमों में (30.09.2015 तक) नामांकित हुए एम.फिल एवं पीएच.डी. विद्यार्थियों की कुल संख्या तालिका में दी गई है:–

एम.फिल एवं पीएच.डी. विद्यार्थी

ललित अध्ययन शिक्षालय										
एम.फिल हिन्दी	12	4	8	3	1	2	0	0	0	6
एम.फिल इतिहास	20	8	12	3	2	2	1	0	0	12
मानव अध्ययन शिक्षालय										
एम.फिल मनोविश्लेषणात्मक एवं मनोचिकित्सा	17	3	14	1	0	1	0	1	0	14
एम.फिल विकास प्रणाली	60	29	31	4	6	7	0	0	1	42
एम.फिल महिला एवं जेंडर अध्ययन	33	2	31	4	5	6	0	0	0	18
कुल (एम.फिल)	**142**	**46**	**96**	**15**	**14**	**18**	**1**	**1**	**1**	**92**
ललित अध्ययन शिक्षालय										
पीएच.डी. हिन्दी	11	3	8	3	0	1	0	0	0	7
पीएच.डी. इतिहास	4	1	3	0	0	0	0	0	1	3

विकास अध्ययन शिक्षालय										
पीएच.डी. विकास अध्ययन	10	5	5	2	1	1	0	0	0	6
मानव पारिस्थितिकी शिक्षालय										
पीएच.डी. पर्यावरण एवं विकास	10	5	5	0	0	1	0	0	0	9
मानव अध्ययन शिक्षालय										
पीएच.डी. मनोविज्ञान	13	4	9	2	1	2	0	0	0	8
पीएच.डी. महिला एवं जेंडर अध्ययन	6	1	5	0	0	1	0	0	0	5
संस्कृति एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति शिक्षालय										
पीएच.डी. दृश्य कला	3	2	1	0	0	0	0	0	0	3
पीएच.डी. साहित्य कला	3	2	1	1	0	0	0	0	0	2
पीएच.डी. फिल्म अध्ययन	3	2	1	0	0	0	0	0	0	3
कुल (पीएच.डी.)	**63**	**25**	**38**	**8**	**2**	**6**	**0**	**0**	**1**	**46**

विद्यार्थियों के नामांकन में वृद्धि

पिछले कुछ वर्षों में छात्रों के नामांकन में हुई वृद्धि को निम्नलिखित तालिका में दिया गया है:–

पिछले वर्षों में विद्यार्थियों के नामांकन में वृद्धि

कार्यक्रम	2009–10	2010–11	2011–12	2012–13	2013-14	2014–15	2015–16
बी.ए.	-	68	208	399	546	650	670
एम.ए.	100	118	306	651	795	885	882
एम.फिल	-	-	32	73	77	135	142
पीएच.डी.	-	-	14	33	39	57	63
कुल	**100**	**186**	**560**	**1156**	**1457**	**1727**	**1757**



दीक्षांत समारोह 2015

4 दिसम्बर 2015 को चौथा दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस दीक्षांत समारोह में 502 (363 महिलाएँ एवं 139 पुरुष) विद्यार्थियों को विभिन्न कार्यक्रमों में स्नातक उपाधि दी गई। छात्रों का श्रेणी–वार वर्गीकरण नीचे दिया गया है।

श्रेणी–वार वर्गीकरण

सामान्य	354
ओबीसी	55
एससी	45
एसटी	38
पीडी	4
विदेशी छात्र	5
सीडब्ल्यूएपी	1

एयूडी एट सिटी 2015

वर्ष 2011 से 'एयूडी एट सिटी' नामक अंतर–विश्वविद्यालय उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जो कि एयूडी के मुख्य महोत्सवों में से एक बन गया है। वर्ष 2015 में इसका आयोजन 16–17 अक्टूबर को किया गया। इसमें समस्त दिल्ली के छात्र विभिन्न प्रतियोगिताओं–रंगमंच, रंगोली, चित्रकला, नृत्य, वाद–विवाद, फोटोग्राफी, प्रश्नोत्तरी, शोध प्रस्तुति आदि में भाग लेते हैं। उत्सव में बहु–व्यंजनी भोजन के स्टॉल इसकी शोभा और बढ़ा देते हैं।

रैगिंग–विरोधी व्यवस्था

यूजीसी अधिनियम 2009 के अनुसार, उच्च शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग की आशंका को टालने हेतु पैरा 6.3 (ए एवं सी) के तहत, विश्वविद्यालय ने रैगिंग–विरोधी समिति के साथ ही रैगिंग–विरोधी दस्ते का गठन किया है। इसमें निम्नलिखित शामिल हैं–

रैगिंग–विरोधी समिति

नाम	पद का नाम	ई–मेल आईडी	संपर्क नंबर
कुल सचिव	अध्यक्ष	registrar@aud.ac.in	011-23865075
सलिल मिश्र	प्रोफेसर	salil@aud.ac.in	011-23863740
डेनिस पी. लीटन	अधिष्ठाता, एसएलएस	denys@aud.ac.in	
सत्यकेतु सांकृत	एसोसिएट प्रोफेसर एवं उप–अधिष्ठाता, एसयूएस	satyaketu@aud.ac.in	
ओइनम हेमलता देवी	सहायक प्रोफेसर, एसएचई एवं वार्डन	hemlata@aud.ac.in	

रैगिंग–विरोधी दस्ता

नाम	पद का नाम	ईमेल आईडी	संपर्क नंबर
अंशु गुप्ता	सहायक प्रोफेसर, एसबीपीपीएसई	anshu@aud.ac.in	011-23863740
अखा कैहरी माओ	सहायक प्रोफेसर, एसईएस	akha@aud.ac.in	
आइवी धर	सहायक प्रोफेसर, एसडीएस	ivy@aud.ac.in	
पुलक दास	सहायक प्रोफेसर, एसएचई	pulak@aud.ac.in	
ओइनम हेमलता देवी	सहायक प्रोफेसर, एसएचई एवं वार्डन	hemlata@aud.ac.in	
रचना जौहरी	सहायक प्रोफेसर, एसएचएस	rachna@aud.ac.in	
विधान चंद्र दास	सहायक प्रोफेसर, एसएलएस	bidhan@aud.ac.in	
प्रणय गोस्वामी	सहायक प्रोफेसर, एसएलएस	pranay@aud.ac.in	
भूमिका मीलिंग	सहायक प्रोफेसर, एसएलएस	bhoomika@aud.ac.in	

छात्रावास सुविधा

महिला विद्यार्थियों हेतु एयूडी को इंदिरा गांधी महिला तकनीकी विश्वविद्यालय दिल्ली (आईजीडीटीयूडब्ल्यू) के ईस्ट हॉस्टल (पूर्व छात्रावास) का साझा रूप से, 45 छात्रों की क्षमता वाला संपूर्ण ऊपरी तल आबंटित है।

सह–पाठ्यक्रम गतिविधियाँ (सीसीए)

परिसर में विद्यार्थियों के सांस्कृतिक एवं पाठ्येतर जीवन को समृद्ध करने के ध्येय से एयूडी में विविध छात्र सभाओं/मंचों का गठन किया गया है। छात्र रंगमंच सभा, क्रीड़ा समिति, वाद–विवाद सभा तथा साहित्यिक सभा में सक्रियता से भाग लेते हैं। अर्थशास्त्र सभा एवं दृश्य संस्कृति हेतु सभा भी सक्रिय हो गई हैं। विद्यार्थियों के लिए परिसर में नियमित रूप से वार्ताओं, व्याख्यानों, प्रदर्शनों और अभिनय प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाता है। इसके अतिरिक्त, इन उत्सवों का प्रबंध करने तथा इनमें बढ़–चढ़कर भाग लेने हेतु विद्यार्थियों को प्रोत्साहित भी किया जाता है।

खेल गतिविधियाँ

एयूडी में खेल गतिविधियों को क्रीड़ा समिति के माध्यम से आयोजित किया जाता है। समिति ने कश्मीरी गेट परिसर में आभ्यंतरिक एवं बाह्य दोनों प्रकार की खेल सुविधाओं की शुरुआत की है। अब एयूडी में टेबल टेनिस, कैरम एवं शतरंज हेतु पूर्ण कार्यात्मक आभ्यंतरिक खेल सुविधा उपलब्ध है। विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों को बैडमिंटन, क्रिकेट, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, फुटबॉल और एथलेटिक गतिविधियों के लिए उपकरण, दैनिक आधार पर, आसानी से उपलब्ध हैं। क्रीड़ा समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष संकाय बनाम छात्र क्रिकेट मैच आयोजित किया जाता है। समिति ने खेल श्रृंखला की औपचारिक घोषणा की है जो एयूडी–वासियों के लिए वार्षिक आकर्षण बन गया है।

क्रीड़ा समिति ऐसे विद्यार्थियों के साथ कार्य करती है जो खेल महोत्सवों की योजना एवं प्रबंध में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। क्रीड़ा समिति की सामान्य सभा खेल मंडल में एयूडी के विभिन्न शिक्षालयों से निर्वाचित छात्र–सदस्यों को प्रतिनिधि के रूप में शामिल किया जाता हैं। खेल

गतिविधियों को सुगम बनाने, छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करने एवं राज्य व राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों में एयूडी का प्रतिनिधित्व करने हेतु विद्यार्थियों की पहचान करने और/या चयन करने के लिए विश्वविद्यालय पेशेवर खेल प्रशिक्षकों की एक सूची भी तैयार कर रहा है। वर्तमान में, एयूडी पूर्णकालिक खेल प्रशिक्षक की भर्ती हेतु अग्रवर्ती चरण में है। इसके अलावा समिति एक बहुक्रियात्मक व्यायामशाला (मल्टीफंक्शन जिम) की स्थापना करने में भी व्यस्त है।

